
www.tamsasanket.com
वर्ष: 29 || अंक 130 || अम्बेडकरनगर
शुक्रवार
31 जुलाई 2026 || पृष्ठ: 08 || मूल्य: ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव

# दैनिक तमसा संकेत

https://epaper.tamsasanket.com
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित
डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

**मौसम**
सूर्योदय: 05:30
सूर्यास्त: 06:56
अधिकतम: 33°00
न्यूनतम: 28°00



पेज 07

विशेष समाचार | पिछले 09 वर्षों में पंचायती ... >> पेज 04 | मौलाना ने खुद को जिंदा ... >> पेज 06 | 'मैं थोड़ा-बहुत यंग ऋतिक...

## कांवड़ यात्रा के दौरान डीजे बजाने पर हिंसा, आगजनी, पथराव के बाद फायरिंग

# नेपाल में भारी बवाल

**02** लोगों की हुई मौत


**02** जिलों में कर्फ्यू

**तहलका**

- सुनसरी और सिराहा जिलों में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लागू।
- डीजे संगीत पर विवाद से भड़की हिंसा, एक की मौत।
- प्रधानमंत्री बालेन शाह ने की उच्चस्तरीय सुरक्षा बैठक।



कर्फ्यू लगने से पहले लोगों ने मशाल जलाकर प्रदर्शन किया।



धनुषा जिले के जनकपुरज में प्रदर्शन के दौरान लोग सड़कों पर नजर आए।

**तमसा संकेत, एजेंसी**

काठमांडू। नेपाल के सुनसरी जिले में रविवार रात कांवड़ यात्रा के दौरान तेज आवाज में डीजे बजाने को लेकर शुरू हुआ विवाद गुरुवार को हिंसक हो गया। हिंसा में अब तक दो लोगों की मौत हो चुकी है। एक व्यक्ति रविवार को मारा गया, जबकि एक अन्य की मौत इलाज के दौरान गुरुवार को हुई।

गुरुवार को नेपाल के पूरे तराई-मधेश क्षेत्र में विरोध प्रदर्शन हुए। पुलिस ने फायरिंग की और प्रशासन ने सुनसरी और सिराहा जिलों के कई हिस्सों में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा दिया है। नेपाल के मधेश और तराई क्षेत्र में बढ़ते सांप्रदायिक तनाव को लेकर सुरक्षा एजेंसियों ने सरकार को तीन साल पहले ही चेतावनी दे दी थी, लेकिन उस पर कोई खास कार्रवाई नहीं हुई। अब सुनसरी और मधेश में हुई हालिया हिंसा के बाद यह रिपोर्ट फिर चर्चा में है। कांतिपुर की रिपोर्ट के मुताबिक, नेपाल की सीमा सुरक्षा और दंगा नियंत्रण बल आर्म्ड पुलिस फोर्स (APF) ने तीन साल पहले सरकार को एक सीक्रेट रिपोर्ट सौंपी थी।

>> (शेष पेज 06 पर)

### रविवार को कांवड़ यात्रा से शुरू हुआ विवाद

रविवार को कांवड़िये कोसी बैराज से जल लेकर आ रहे थे। इस दौरान डीजे और लाउडस्पीकर की तेज आवाज पर दूसरे समुदाय ने आपत्ति जताई। बहस से शुरू हुआ मामला हिंसक झड़प में बदल गया। स्थानीय पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराने की कोशिश की, लेकिन थोड़ी देर में दोनों समुदायों के लोग हथियार लेकर पहुंच गए। इस दौरान जमकर पथराव भी हुआ।

### एक्शन में पीएम शाह, की उच्चस्तरीय बैठक



दूसरी तरफ इस पूरे बवाल को लेकर प्रधानमंत्री बालेन शाह की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (NSC) की एक उच्चस्तरीय बैठक हुई। बैठक में नेपाल की समग्र सुरक्षा स्थिति और सुनसरी की हिंसा पर चर्चा की गई। सरकार ने देश में सामाजिक सद्भाव, शांति और राष्ट्रीय एकता बनाए रखने के लिए सभी पक्षों और सुरक्षा एजेंसियों के बीच तालमेल बढ़ाने का फैसला किया है।

### पुलिस ने हवाई फायरिंग की

पथराव में एक इंस्पेक्टर समेत 8 पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, भीड़ पर पहले काबू पाने की कोशिश की गई। एक पुलिस अधिकारी ने तीन हवाई फायर भी किए, लेकिन हिंसा नहीं रुकी। इसके बाद रात करीब 10:45 बजे पुलिस ने गोली चलाई।

गोली लगने से ओम प्रकाश मेहता की मौत हो गई। कई अन्य लोग भी गोली लगने से घायल हुए। >> (शेष 06 पर)

> बढ़ते तनाव को देखते हुए दोनों तरफ से भारी भीड़ इकट्ठा हो गई, जिनके पास लाठी, डंडे, बांस और लोहे की छड़ें जैसे हथियार थे। स्थिति को संभालने के लिए पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। इस दौरान पुलिस की गोलीबारी से ओम प्रकाश मेहता नाम के एक युवक की मौत हो गई।





नेपाल में विरोध प्रदर्शन के दौरान यात्रियों के साथ हिंसा की गई।

## एमपी-यूपी, गुजरात, बिहार समेत 16 राज्यों में भारी बारिश

भोपाल/जयपुर/लखनऊ। देशभर में तेज बारिश का दौर जारी है। मध्य प्रदेश, गुजरात, उत्तर प्रदेश और बिहार समेत 16 राज्यों में भारी बारिश हो रही है।

उत्तराखंड में रुद्रप्रयाग के गौरीकुंड के पास लैंडस्लाइड होने से केदारनाथ यात्रा लगातार तीसरे दिन बंद है। इसके बाद कई घरों में मलबा घुस गया, गाड़ियां बह गईं। पहाड़ी-मैदानी इलाकों में लगातार हो रही बारिश से हरिद्वार में गंगा खतरे के निशान के करीब पहुंच गई है। असम में बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 78 हो गई है और तीन लाख से ज्यादा लोग अभी भी जलभराव की समस्या से जूझ रहे हैं। मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा, विदर्भ और तेलंगाना में रेड अलर्ट है। रेड अलर्ट का मतलब है 24 घंटे में 204mm से ज्यादा बारिश।

## जंतर-मंतर प्रदर्शनकारियों पर नहीं होगी कानूनी कार्रवाई

### सरकार की ओर से मामला आधिकारिक तौर पर 'बंद'

**फैसला**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने हाल ही में हुए प्रदर्शनों में शामिल लोगों को एक बड़ी राहत देते हुए महत्वपूर्ण फैसला लिया है। सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार, प्रदर्शन में भाग लेने वाले आम लोगों के खिलाफ कोई भी प्रतिकूल या दंडात्मक कानूनी कार्रवाई नहीं की जाएगी। इस कदम को स्थिति को सामान्य बनाने और नागरिकों में व्यवस्था के प्रति विश्वास बहाल करने की दिशा में एक अहम प्रयास माना जा रहा है। सरकार ने स्पष्ट रूप से कहा है कि कानूनी कार्रवाई से यह सुरक्षा सभी के लिए नहीं है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय (सुप्रीम कोर्ट) के



- आपराधिक रिकॉर्ड वालों को नहीं मिलेगी छूट
- गिरफ्तार लोगों की जल्द होगी रिहाई

निर्देशों के अनुरूप, जिन व्यक्तियों की पहले से कोई आपराधिक पृष्ठभूमि (क्रिमिनल रिकॉर्ड) है, उन्हें इस फैसले के तहत कोई ढील या सुरक्षा प्रदान नहीं की जाएगी। ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ कानून अपना काम करेगा।

>> (शेष पेज 06 पर)

# बंगाल में पूर्व बस ड्राइवर के घर 15 केजी सोना मिला

### 28 करोड़ कैश भी बरामद, नोट गिनते-गिनते 5 मशीनें खराब

**छापा**

- टीएमसी नेता का करीबी है फरार आरोपी तुलु मंडल
- तुलु मंडल पर टैक्स वसूली में करोड़ों की गड़बड़ी का आरोप

**तमसा संकेत, एजेंसी**

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में पुलिस ने बुधवार रात एक पत्थर कारोबारी के घर छापा मारकर 15 किलो सोना



बरामद किया। इसकी कीमत करीब 21.5 करोड़ आंकी गई है।

पुलिस को 28.5 करोड़ से ज्यादा कैश भी मिला। नोटों को गिनते-गिनते 5 करेंसी काउंटिंग मशीन खराब हो गईं। पुलिस ने पत्थर कारोबारी मिनार मंडल को गिरफ्तार कर लिया गया है।

>> (शेष पेज 06 पर)

### मिनार ने कबूला, कैश और सोना तुलु का है

पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार रात मिनार मंडल के घर पर छापेमारी शुरू की थी। घर से मिले 28.5 करोड़ कैश को लोहे के बक्सों में भरकर मोहम्मद बाजार थाने ले जाया गया, जहां से इसे बैंक में जमा कराया जाएगा। घर से 1-1 किलो के 14 गोल्ड बार और 100-100 ग्राम के 10 गोल्ड बिस्किट भी बरामद किए। इनकी कीमत करीब 21.5 करोड़ बताई गई है।

**फास्ट न्यूज**

### टीएमसी बागी सांसदों के पोस्टर लेकर संसद पहुंचे कल्याण

नई दिल्ली। TMC सांसद कल्याण बनर्जी गुरुवार को पार्टी के 20 बागी सांसदों के पोस्टर गले में लटकाकर संसद भवन पहुंचे। इस दौरान उन्होंने प्रियंका गांधी समेत कई विपक्षी सांसदों से बातचीत की।

**जंग | निशाना**

### ईरान-अमेरिका जंग में पहली बार मिस्र पर हमला

वॉशिंगटन डीसी। ईरान-अमेरिका जंग में पहली बार मिस्र के पोर्ट पर हमला हुआ है। बुधवार को मिस्र के दमियाता पोर्ट पर दो गैस टैंकरों में लगी आग लगी थी। न्यूयॉर्क टाइम्स ने गुरुवार को मिस्र सरकार के हवाले से बताया कि आग हादसा नहीं, बल्कि ड्रोन हमले का नतीजा थी।

रिपोर्ट्स के मुताबिक ड्रोन ने अमेरिकी कंपनी के नैचुरल गैस स्टोरेज टैंकर एनरगोस विंटर को निशाना बनाया। हमले के बाद पास में खड़ा दूसरा टैंकर 'गैसलॉग सलेम' आग की चपेट में आ गया।

### कांग्रेस में कलह बढ़ी, सांसद घुबाया बोले- प्रधान इस्तीफा दें

लुधियाना। पंजाब में करीब 7 महीने बाद होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस में गुटबाजी थम नहीं रही है। फिरोजपुर से सांसद शेर सिंह घुबाया ने कहा कि राजा वड़िंग सही काम नहीं कर रहे हैं। उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। पंजाब के लोग वड़िंग से नाराज हैं।

## 215 कुलपतियों-शिक्षाविदों ने प्रियंका गांधी को चिट्ठी लिखी

### कहा- मतभेद भले हों, लेकिन मजाक न उड़ाएं


**विवाद**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

नई दिल्ली। IIT मद्रास के डायरेक्टर प्रो. वी कामकोटि को गोमूत्र विशेषज्ञ कहने के विरोध में देशभर के 215 मौजूदा और पूर्व कुलपतियों, शिक्षाविदों ने कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी को चिट्ठी लिखी है।

चिट्ठी में लिखा है किसी शिक्षाविद् पर सार्वजनिक रूप से टिप्पणी करते वक्त तथ्य और उस व्यक्ति की गरिमा का ध्यान रखा जाना चाहिए। मतभेद हो सकते हैं, लेकिन किसी का मजाक उड़ाना सही नहीं।

पूरा विवाद एंटी पेपर लीक बिल पर लोकसभा में चर्चा के दौरान



- मद्रास आईआईटी डायरेक्टर को गोमूत्र विशेषज्ञ कहा था


प्रियंका के बयान पर हुआ। उन्होंने कहा था- सरकार की बनाई नई कमेटी में एक्स-IB चीफ, IT कंपनी के मालिक और गोमूत्र के विशेषज्ञ हैं। गोमूत्र विशेषज्ञ को शिक्षा के बारे में क्या पता होगा। 'भारत की संसद में विचारों पर बहस होती है। असहमतियां गरिमा के साथ रखी जाती हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)

## शूद्र से पढ़ने का अधिकार छिना, नड्डा बोले- सबूत दें, सभापति ने रिकॉर्ड से हटाया

# शिक्षा संस्थानों में मनुस्मृति को मानने वाले बढ़े : खड़गे

> प्रमोद तिवारी ने एक किताब दिखाते हुए कहा कि यह इनके कार्यकाल में छपी है, चल रही है, प्रतिबंधित नहीं है। अगर ये कह रहे हैं, दिखा रहे हैं, तो गलती इनकी है। 12 साल से इनकी सरकार है।



**हंगामा**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

नई दिल्ली। राज्यसभा में पेपर लीक से जुड़े परीक्षा संशोधन बिल पर चर्चा के दौरान मल्लिकार्जुन खड़गे के 'मनुस्मृति' बयान पर हंगामा हुआ। वे शैक्षणिक संस्थाओं पर RSS के दखल पर बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि शिक्षा संस्थानों में मनुस्मृति मानने वाले बढ़ गए हैं, इससे शूद्र को पढ़ने का अधिकार छिन गया है। इस पर सदन में हंगामा शुरू हो गया। जेपी नड्डा ने टोकते हुए कहा कि खड़गे का बयान तथ्यों से परे है। इससे अशांति फैल सकती है। इसके बाद सभापति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि मनुस्मृति वाला बयान रिकॉर्ड से हटा दिया जाएगा।

>> (शेष पेज 06 पर)

### नीट का अधिकार राज्यों को दें :रामगोपाल



सपा सांसद प्रोफेसर रामगोपाल यादव ने कहा कि मेरा मानना है, दंड बढ़ाने से कभी अपराध कम नहीं होता। ऐसा होता तो मृत्युदंड के प्रावधान वाले मामलों में अपराध नहीं होते। पहले पीएमटी राज्यों के हाथों में था, इतनी बड़ी गलती नहीं होती थी। इसके पेपर को लीक होने से रोकना बहुत मुश्किल होगी। पहले की तरह राज्यों को परीक्षा का अधिकार दिया जाए।

### खड़गे बोले- शाह जवाब नहीं दे सकते तो इस्तीफा दें

सरकार को छात्रों के आंदोलन और जनदबाव के आगे झुकना पड़ा। धर्मेंद्र प्रधान को हटाना और संशोधन बिल लाना छात्रों के हित में नहीं, बल्कि सरकार की कुर्सी बचाने की मजबूरी थी।

जुर्माना 1 करोड़ से 10 करोड़ करना, सजा कड़ी करना, स्पेशल टास्क फोर्स और फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाना पर्याप्त नहीं है। असली जरूरत परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी बनाने की है।

कुछ सालों में 152 परीक्षाओं के पेपर लीक हुए, लेकिन किसी दोषी को सजा नहीं मिली। NTA के कई पद खाली हैं और शिक्षा व्यवस्था में सुधार के बजाय RSS से जुड़े लोगों की नियुक्तियां की जा रही हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)

**दौरा :** योगी बोले- सपा के पाप से पर्दा उठाया तो मुंह दिखाने लायक नहीं बचेंगे

# 'माफिया खून चूसते थे मिट्टी में मिलाया'

- बिना काम के पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे में 3,000 करोड़ का वारा-न्यारा किया था

**हेमन्त कृष्ण**

तमसा संकेत, गाजीपुर, लखनऊ। सीएम योगी गुरुवार को मुख्तार अंसारी के गढ़ रहे गाजीपुर के मोहम्मदाबाद पहुंचे। उन्होंने कहा- ये माफिया किसी के नहीं होते। ये खून चूसते हैं। खतरा पैदा करते हैं। हमने कहा था- माफिया को मिट्टी में मिलाएंगे, तो माफिया मिट्टी में मिल गए। योगी ने कहा-अगर किसी गरीब का बेटा किसी कस्बे में रामलीला का आयोजन कर रहा होगा, तो वहां



> सीएम ने 692 करोड़ रुपए की 268 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया। कहा- आज ये लोग हमें आईना दिखाने का काम कर रहे हैं। अगर सपा के पाप का पर्दाफाश करना शुरू कर देंगे, तो ये कहीं मुंह दिखाने लायक नहीं बचेंगे।

कोई असलहा लहराकर दंगा करने का दुस्साहस नहीं कर पाएगा। >> (शेष पेज 06 पर)



### कृष्णानंद राय हत्याकांड को याद किया, बोले- माफियाओं ने हत्या की थी

सीएम ने कृष्णानंद राय हत्याकांड को याद करते हुए कहा- कृष्णानंद राय ने माफिया के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। लेकिन, सत्ता के संरक्षण में माफियाओं ने उनकी इसी गाजीपुर की धरती पर निर्ममता से हत्या कर दी थी। याद रखिए, ये वही बांटने वाले लोग हैं। ये सालार मसूद गाजी को सम्मानित करते हैं। असलहा लहराते हुए दुर्दांत माफियाओं के सामने नाक रगड़ते दिखाई देते थे। माफिया की कब्र पर जाकर फातिहा पढ़ते हैं।

# आस्था के साथ विश्वासघात का जवाब जनता देगी : अखिलेश

### दान-पात्र, चढ़ावे और जमीन सौदों में अनियमितताओं का लगाया आरोप

**तंज**

**अरमान**

तमसा संकेत, लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अयोध्या मंदिर ट्रस्ट और भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा और उसके सहयोगी आस्था के साथ विश्वासघात के दोषी हैं और श्रद्धालुओं की भावनाओं से खिलवाड़ किया गया है। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा दिए गए दान और चढ़ावे के प्रबंधन में भारी अनियमितताएं हुई हैं। उन्होंने कहा कि दान-पात्र से धन की चोरी, गुप्त दान में कथित घोटाले, दान की रसीदें न देना या फर्जी रसीदें जारी करने जैसे मामले सामने आए हैं, जिनकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। >> (शेष पेज 06 पर)



- अयोध्या मंदिर ट्रस्ट को लेकर अखिलेश यादव का भाजपा पर बड़ा हमला, लगाए गंभीर आरोप
- लोकसभा और जनता के बीच मुद्दा उठाना बताया धर्मसम्मत कर्तव्य

### जमीन सौदों पर भी उठाए सवाल

सपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि अयोध्या में मंदिर से जुड़ी जमीनों की खरीद-फरोख्त में भी गड़बड़ियां हुईं। उनका दावा है कि कुछ लोगों ने कम कीमत पर जमीन खरीदकर बाद में उसे कई गुना अधिक मूल्य पर मंदिर ट्रस्ट को बेच दिया, जिससे ट्रस्ट को आर्थिक नुकसान हुआ। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले में लाभ कमाने वालों की भूमिका की भी जांच होनी चाहिए।

C M Y K

# बूढ़ी दादी को कांवड़ में लेकर चल रहा पोता

# 500-500 के नोटों सजी कांवड़ लेकर निकला भक्त

## दर्शन

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी। सावन का आज पहला दिन है। गुरुवार सुबह से ही वाराणसी, प्रयागराज और गोरखपुर समेत सभी प्रमुख शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी लाइनें लगी हैं। काशी में बाबा विश्वनाथ का फूलों से श्रृंगार किया गया। मंगला आरती के बाद से अब तक 50 हजार से अधिक भक्त बाबा के दर्शन कर चुके हैं।

सुबह साढ़े 8 बजे सीएम योगी काशी पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले काल भैरव के दर्शन कर आरती की। इसके बाद बाबा विश्वनाथ का



जलाभिषेक किया और भस्म चढ़ाई। वह काशी की गलियों में भी घूमे। दुकानदारों से पूछा- इंतजाम में कोई कमी तो नहीं है? उन्होंने एक दुकान में बैठे बच्चे को दुलारा। उसे चॉकलेट दी। योगी ने अफसरों को निर्देश दिए कि ऐसी व्यवस्था बनाई जाए, जिससे श्रद्धालुओं को दर्शन-पूजन में कोई दिक्कत न हो। बता दें कि पिछले साल की तरह इस बार भी पूरे सावन काशी विश्वनाथ मंदिर में VIP दर्शन पर रोक रहेगी। इधर,

**प्रतापगढ़ में बाबा बेलखरनाथ धाम में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही हजारों कांवड़िए और श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक और विधि-विधान से पूजन-अर्चन करते रहे। मंदिर परिसर 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयघोष से गूंजता रहा।**

प्रदेश की सड़कों और हाईवे पर कांवड़ियों का रेला दिखने लगा है।

### गाजियाबाद में पोता दादी को कावड़ में बैठाकर निकला

कांवड़ यात्रा के दौरान एक श्रद्धालु अपनी दादी को कांवड़ में बैठाकर हरिद्वार से दिल्ली के लिए रवाना हुआ है। श्रद्धालु ने अपनी दादी के लिए की गई मन्नत पूरी करने के लिए यह यात्रा शुरू की है।

जानकारी के मुताबिक, श्रद्धालु का नाम अरविंद है। वह हरिद्वार से गंगा का पवित्र जल लेकर अपनी दादी को कांवड़ में बैठाकर दिल्ली के विकास नगर जा रहा है। अरविंद पिछले 10 दिनों से प्रतिदिन 10 किलोमीटर की दूरी तय कर रहा है। अब गाजियाबाद पहुंच चुका है। अरविंद ने बताया- उसने अपनी दादी को यात्रा कराने का वचन दिया था। इसी वचन को पूरा करने के लिए उसने दादी के नाम की कांवड़ उठाई है। अरविंद ने यह भी जानकारी दी कि उसका अभी विवाह नहीं हुआ है और वह डीजे का काम करता है।

मुजफ्फरनगर में एक कांवड़िया 500 रुपए के नोटों से सजी कांवड़ लेकर पहुंचा। वहीं, एक कांवड़िया अपनी बुजुर्ग दादी को कांवड़ में बैठाकर हरिद्वार से गाजियाबाद पहुंचा है।

# यूपी के शिव मंदिरों में लंबी लाइन



काशी में CM योगी आदित्यनाथ ने सावन महीने के पहले दिन श्री काल भैरव मंदिर में पूजा-अर्चना की।

### प्रयागराज के मनकामेश्वर मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़

प्रयागराज के प्राचीन श्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ है। भोर में मंदिर के महंत श्रीधरानंद जी महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ भगवान मनकामेश्वर का विशेष पूजन, जलाभिषेक और श्रृंगार किया। इसके बाद मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। श्रद्धालुओं ने 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयघोष के बीच भगवान शिव का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि, परिवार की खुशहाली और मनोकामना पूर्ण होने की प्रार्थना की।

# वारदात : पत्नी से अफेयर पर कारोबारी को मारकर जलाया

## जंगल से मिला कंकाल, जालौन में आरोपी बोला- धमकी देता था

तमसा संकेत, एजेंसी

जालौन। जालौन में कारोबारी की अफेयर और जमीन के झगड़े में हत्या कर दी गई। इसके बाद लाश को 40 लीटर डीजल डालकर जला दिया गया। 4 मई, 2026 को हुई इस वारदात का पुलिस ने गुरुवार को खुलासा किया। पुलिस ने पति-पत्नी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दोनों पर 50-50 हजार का इनाम था। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर हमीरपुर के कूपरा जंगल से कारोबारी का कंकाल और शव पर लपेटी गई चादर का टुकड़ा बरामद किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि हत्या सुपारी देकर कराई गई।

एसपी विनय कुमार सिंह ने बताया- हरियाणा के जींद में रहने वाले विजेंद्र सिंह मोर (52) का 4 मई की सुबह करीब 6 बजे एक ट्यूबवेल से अपहरण कर लिया गया था। यह ट्यूबवेल उरई कोतवाली



क्षेत्र के रिनिया गांव में है। इस मामले में उरई कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर विशेष पुलिस टीम बनाई गई थी। जांच में पता चला कि श्रीभगवान, संजीव उर्फ कोकिला, मोहित मलिक और अमरजीत सुहाग ने विजेंद्र को जबरन क्रेटा कार में बैठाकर किडनैप किया था। फिर उसकी हत्या कर लाश हमीरपुर के जलालपुर थाना क्षेत्र स्थित कूपरा जंगल में ले गए। वहां करीब 40 लीटर डीजल डालकर लाश जला दी, जिससे पहचान और सबूत पूरी तरह नष्ट हो जाएं। पुलिस लगातार सर्विलांस, एसओजी और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी थी।

## फास्ट न्यूज

### पैरामेडिकल संस्थान के डायरेक्टर पर एफआईआर

प्रयागराज । प्रयागराज में एक पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर पर एफआईआर दर्ज की गई है। छात्रा का आरोप है कि मेरठ की सुभारती यूनिवर्सिटी के नाम पर बड़ा स्कैम किया गया। मिलती जुलती वेबसाइट बनाकर PIAT पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट में एग्जाम कराया गया। साथ ही फेक डिग्री-मार्कशीट भी बांटी गई। बिना मंजूरी कोर्स भी बदल दिया गया।

### बच्चे का कातिल 12 घंटे तक झूठ बोलता रहा

गोरखपुर । मैं बच्चे को डरा रहा था और उसकी मौत हो गई... । गोरखपुर में सराफा कारोबारी के 10 साल के पोते वैभव का हत्यारोपी 12 घंटे तक झूठ बोलकर पुलिस को चकमा देता रहा। सोमवार की रात करीब 11 बजे पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया। मंगलवार सुबह 11 बजे आरोपी ने अपने ही घर से बच्चे की लाश बरामद कराई थी। जब CCTV और अन्य सबूत से उसका भेद खुला तो चीखकर रोने लगा। बोला- मैं तो बच्चे को डरा रहा था, लेकिन उसकी मौत हो गई। बचने के लिए लाश बेसमेंट में छिपा दी थी।

### पुलिस स्टेशन कमर्शियल गतिविधियों की जगह बन गए

प्रयागराज । इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यूपी पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए। कोर्ट ने कहा कि पुलिस स्टेशन कमर्शियल गतिविधियों की जगह बन गए हैं। पुलिसकर्मी राज्य में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के बजाय लगातार कमर्शियल गतिविधियों में व्यस्त रहते हैं। हाईकोर्ट ने सोमवार को सुनवाई के दौरान यूपी के डीजीपी को बलिया के पुलिस कॉन्स्टेबल के कथित ट्रांसपोर्ट बिज़नेस की जांच करने का निर्देश दिए।

# टीजीटी परीक्षा में साल्वर को बैठाने वाला परीक्षार्थी गिरफ्तार

## वाराणसी पुलिस ने बलिया से किया गिरफ्तार

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी। वाराणसी में 4 जून 2026 को हुई टीजीटी परीक्षा में राजकीय क्वींस कालेज में एक साल्वर को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उसकी निशानदेही पर साल्वर गैंग के एक सदस्य को 11 जून को गिरफ्तार किया गया था। उसी समय से मूल परीक्षार्थी जिसने साल्वर गैंग की मदद से परीक्षा पास करने की कोशिश की थी। उसकी तलाश की जा रही थी।

इसी क्रम में वाराणसी की चेतगंज थाने की पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए बलिया के उभांव थानाक्षेत्र के रहने वाले मूल अभ्यार्थी अमन कुमार को गिरफ्तार कर लिया। जिसे बुधवार शाम जेल भेज दिया गया।

चेतगंज थाना प्रभारी विजय कुमार शुक्ला ने बताया - 4 जून को टीजीटी परीक्षा में क्वीन्स कालेज के प्रिंसिपल की तहरीर पर थाने पर



मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने इस दौरान दुसरे के स्थान पर परीक्षा दे रहे बिहार के सोनबरसा निवासी अमृतराज आनंद को गिरफ्तार किया था।

जो बलिया के उभांव थानाक्षेत्र के रहने वाले अमन कुमार की जगह परीक्षा दे रहा था। उसकी निशानदेही पर एक अन्य छोटू कुमार को भी गिरफ्तार किया गया था।

पुलिस के अनुसार अमन की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही थी। अमृत राज आनंद और छोटू ने बताया की साल्वर के लिए हम दोनों को 2-2 लाख रुपए मिले थे। इसके बाद मुख्य अभ्यर्थी की तलाश की जा रही थी।

# यूपी :5 शहरों में बारिश, बिजली का टावर बहा

## सड़कें तालाब बनीं, बीएसए-आवास विकास ऑफिस में घुसा पानी बलिया में 2 मकान समाए

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ/वाराणसी। यूपी में मानसून की रफ्तार धीमी पड़ गई है। गुरुवार को लखनऊ, कानपुर समेत ज्यादातर शहरों में मौसम साफ है। वाराणसी, मेरठ, बिजनौर समेत 5 शहरों में बारिश हुई। बिजनौर में इतनी बारिश हुई कि सड़कें तालाब बन गईं। बेसिक शिक्षा अधिकारी और आवास विकास के दफ्तर में पानी भर गया।

उधर, पहाड़ों पर हो रही जोरदार बारिश से नदियां उफान पर हैं। हरिद्वार में बुधवार को गंगा के तेज बहाव में मेरठ का एक कांवड़िया बहने लगा। यह देखकर एसडीआरएफ (SDRF) के एक जवान ने नदी में छलांग लगा दी और उसकी जान बचाई। मेरठ में गंगा उफान पर है। कटान की वजह से किनारे पर लगा बिजली का टावर बह गया। काशी में जलस्तर के बीच प्रशासन ने अगले आदेश तक बोटिंग पर रोक लगा दी है।बलिया में सरयू नदी का कटान तेज हो गया है। 100 से अधिक परिवार घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर चले गए हैं। 2 मकान नदी में समा गए हैं। आज 41 जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश का अलर्ट है।



### बिजनौर में 2 घंटे से मूसलाधार बारिश, सड़कें बनीं तालाब

बिजनौर में पिछले दो घंटे से लगातार मूसलाधार बारिश हो रही है। दोपहर करीब 1:30 बजे शुरू हुई बारिश के बाद शहर की अधिकांश सड़कें तालाब में बदल गई हैं। कई इलाकों में करीब दो फीट तक पानी भर गया है। आवास विकास, नुमाइश चौक, काजीपाड़ा, मुस्लिम फंड, भाटान, सेंट मैरी रोड, पुलिस लाइन, पॉलिटेक्निक, स्टेडियम, वन विभाग आवास, बिजलीघर और इंदिरा पार्क स्टेडियम समेत कई सरकारी और निजी इमारतों में पानी घुस गया है।

**लखनऊ मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया-3-4 अगस्त के आसपास मानसूनी सिस्टम दोबारा उत्तर की ओर खिसक सकता है। साथ ही बंगाल की खाड़ी से आने वाली नम हवाएं मजबूत होंगी। इसके असर से मानसूनी गतिविधियां फिर जोर पकड़ेंगी और पूरे प्रदेश में अच्छी बारिश होगी।**



हरिद्वार में मेरठ का कांवड़िया गंगा के तेज बहाव में बहने लगा। SDRF जवान ने उसकी जान बचाई।

### बिजनौर में उफान पर गंगा, स्टेट हाईवे पर बहा पानी

बिजनौर के चांदपुर खादर क्षेत्र में गंगा नदी उफान पर है। पहाड़ी और मैदानी इलाकों में लगातार हो रही भारी बारिश से गंगा का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। बहसूमा–ठाकुरद्वारा स्टेट हाईवे के ऊपर से नदी का पानी बहने लगा है, जिससे आवागमन प्रभावित होने की आशंका है। प्रशासन हालात पर नजर बनाए हुए है और लोगों से नदी किनारे व जलभराव वाले इलाकों में नहीं जाने की अपील की है।

## वाराणसी में सुबह से रुक-रुककर हो रही बारिश, नौका संचालन पर रोक

# हर घंटे 1 सेंटीमीटर बढ़ रहा गंगा का जलस्तर

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी। वाराणसी में गुरुवार सुबह से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। शहर में रुक-रुक कर हल्की बारिश का सिलसिला जारी है, जिससे लोगों को उमस से कुछ राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार आज अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

जबकि हवा 24 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही है। शहर में आर्द्रता (नमी) का स्तर 71 प्रतिशत बना हुआ है।

मौसम वैज्ञानिक मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि फिलहाल मानसून की सक्रियता कुछ कमजोर पड़ रही है। हालांकि 4 से 5 अगस्त के बीच मानसून के दोबारा सक्रिय होने की



संभावना है, जिसके बाद पूर्वांचल में अच्छी बारिश देखने को मिल सकती है। गंगा के तेज बहाव और ऊंची उठती लहरों को देखते हुए जिला प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर नौका संचालन और नौकायन पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। प्रशासन ने नाविकों और श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे नदी के किनारे अनावश्यक रूप से न जाएं तथा सुरक्षा निर्देशों का पालन करें। प्रशासनिक अधिकारियों की टीमें लगातार घाटों का निरीक्षण कर रही हैं। जलस्तर पर नजर रखने के साथ-साथ संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी बढ़ा दी गई है ताकि किसी भी आपात स्थिति से समय रहते निपटा जा सके।





### वाराणसी में 1 सेटंटीमीटर की रफ्तार से बढ़ रहा जलस्तर

इधर, लगातार हो रही बारिश और ऊपरी क्षेत्रों से छोड़े जा रहे पानी के कारण गंगा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। गंगा का जलस्तर लगभग 1 सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है और गुरुवार को सुबह 61.84 मीटर दर्ज किया गया। बढ़ते जलस्तर के कारण सामनेघाट से नमो घाट तक स्थित करीब 50 से 60 छोटे मंदिर गंगा के पानी की चपेट में आ चुके हैं। घाटों के निचले हिस्से भी धीरे-धीरे जलमग्न होने लगे हैं।

### दोस्त का गला दबाकर मारने की कोशिश

वाराणसी। वाराणसी के मिर्जामुराद थानाक्षेत्र के हरपुर गांव में दोस्ती के रिश्ते को शर्मसार करने वाला मामला आया है। यहां एक दोस्त ने दुसरे को अधमरा कर कुएं में फेक दिया। दो घंटे बाद वापस लौटा और उसे बाहर निकाला।

युवक ने जान से मारने की धमकी दी कि अगर किसी को बताया तो जान से मार दूंगा। न बताने पर दस हजार रुपए देने का प्रलोभन भी दिया। फिलहाल पीड़ित के पिता ने मिर्जामुराद थाने में तहरीर दी थी। जिसपर मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है।

मिर्जामुराद पुलिस को पीड़ित विवेक कुमार पटेल निवासी हरसोस के पिता प्रकाश चंद्र ने बताया कि मेरा बेटा 28 जुलाई को शाम 8 बजे घर आ गया था। रात 9 बजकर 30 मिनट पर उसका दोस्त शराफत अली घर आया और विवेक को बुलाकर ले गया।

रात करीब साढ़े 12 बजे मेरा बेटा लहूलुहान हालत में घर पहुंचा तो हमने पुलिस को सूचना दी।

# सीएनजी पंप पर दरोगा ने ओला चालक को पीटा

## लाइन तोड़ने का विरोध करने पर डंडे से पिटाई

तमसा संकेत, एजेंसी

बाराबंकी। बाराबंकी जिले में लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर स्थित एक सीएनजी पंप पर ओला चालक से मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक दरोगा ने लाइन तोड़ने का विरोध करने पर चालक को डंडे से पीटा। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।

पीड़ित ओला चालक दीपचंद प्रसाद ने कोतवाली नगर में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। उनके हाथ और शरीर पर चोटें आई हैं।

दीपचंद प्रसाद बाराबंकी जिले के सतरिख थाना क्षेत्र के बड़ापुरा गांव के रहने वाले हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि बुधवार रात करीब 10 बजे लखनऊ से घर लौटते समय उनकी कार में सीएनजी कम थी। वह नगर कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-अयोध्या हाईवे स्थित एसकेपी सीएनजी पंप पर लाइन में



लगे थे। आरोप है कि इसी दौरान UP-32 LB-8032 नंबर की कार से एक दरोगा वहां पहुंचा और पहले अपनी गाड़ी में सीएनजी भरवाने की बात कही। दीपचंद ने लाइन में पहले से लगे होने का हवाला देकर इसका विरोध किया। पीड़ित का आरोप है कि दरोगा ने पहले उसका नाम और जाति पूछी। इसके बाद अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए कहा, 'मैं दरोगा हूं, तुम नहीं जानते मैं क्या कर सकता हूं।' आरोप है कि इसके बाद उसने कार से डंडा निकालकर दीपचंद की बेरहमी से पिटाई कर दी।

## वारदात : पुलिस गोरखपुर जिला अस्पताल ले गई थी, यहीं से किडनैप किया था

# बच्ची के हत्यारोपी सिपाही को डॉक्टरों-नर्सों ने पीटा

तमसा संकेत, एजेंसी

गोरखपुर। यूपी के गोरखपुर में 10 साल की बच्ची की हत्या के आरोपी 35 साल के सिपाही को डॉक्टरों और नर्सों ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। गुरुवार दोपहर ढाई बजे पुलिस उसे मेडिकल कराने के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची। उसे देखते ही अस्पताल के कर्मचारी भड़क गए और हमला कर दिया। पुलिसकर्मियों ने किसी तरह उसे छुड़ाया।

सिपाही ने जिला अस्पताल से ही बच्ची को किडनैप किया था। हत्या कर शव नदी में फेंक दिया था। 28 जुलाई को बच्ची अपनी बीमार बहन को खाना देने अस्पताल आई थी। घर लौटते समय सिपाही ने बाइक से उसका पीछा किया। फिर उसे बाइक पर बैठाकर 15 किमी दूर श्मशान घाट ले गया। पुलिस को शक है कि सिपाही ने वहां बच्ची से रेप भी



किया। इधर, बच्ची घर नहीं पहुंची तो घरवालों ने गुमशुदगी दर्ज कराई। मामले की जांच के लिए पुलिस ने 10 टीमें लगाईं। CCTV फुटेज खंगाले, तो सिपाही बच्ची के साथ नजर आया। पुलिस ने उसे पकड़कर सख्ती से पूछताछ की, तो उसने जुर्म कबूल कर लिया। गुरुवार सुबह साढ़े 8 बजे आरोपी सिपाही की निशानदेही पर पुलिस ने बच्ची का शव बरामद किया। एसएसपी डॉ. कौस्तुभ ने बताया-गाजीपुर का रहने वाला सिपाही अभिषेक यादव गोरखपुर में डायल-112 में तैनात है। जनवरी, 2025 में उसने बंगाल की एक महिला से छेड़छाड़ की थी।

### पिता बोले- बेटी ने बताया, सिपाही बच्ची के पीछे पड़ा था

पिता ने बताया- अस्पताल में भर्ती बड़ी बेटी से पूछा तो उसने बताया कि जब हम दोनों बहनें बाहर बैठकर खाना खा रहे थे, तभी पुलिस वर्दी पहने एक व्यक्ति आया। उसने पूछा कि कहां रहती हो? हमने पता बताया, तो उसने कहा कि रात काफी हो गई है। अगर किसी को घर जाना हो, तो मैं छोड़ दूंगा।

बड़ी बेटी ने उससे कहा कि छोटी बहन को घर जाना है। इसके बाद वह मेरी छोटी बेटी के पीछे पड़ गया। लेकिन, बेटी ने उसके साथ जाने से इनकार कर दिया। रात करीब 10 बजे जब छोटी बेटी अस्पताल से निकली, तो सिपाही भी उसके पीछे-पीछे निकल गया।

### अस्पताल में भर्ती बहन को खाना देने गई थी

आजमगढ़ जिले के कप्तानगंज थाना इलाके के रहने वाले एक युवक ने बुधवार को पुलिस से शिकायत की थी। बताया था कि पिछले 4 साल से पत्नी और 5 बेटियों के साथ गोरखपुर में किराए पर रहते हैं। ई-रिक्शा चलाकर घर चलाते हैं। पत्नी प्रेग्नेंट है। 27 जुलाई को 13 साल की बेटी की अचानक तबीयत बिगड़ गई। सीने में दर्द और बहुत तेज बुखार हो गया। मैं तुरंत उसे हॉस्पिटल लेकर पहुंचा। डॉक्टरों ने उसे एडमिट कर लिया। 28 जुलाई को मैं काम पर गया था। पत्नी की भी तबीयत ठीक नहीं थी। इसलिए रात 8:30 बजे मेरी 10 साल बेटी अपनी बीमार बड़ी बहन के लिए खाना लेकर अस्पताल गई थी। रात 10 बजे घर वह लौटने के लिए निकली। जब वह काफी देर तक घर नहीं आई, तो मैं हॉस्पिटल पहुंचा। इधर-उधर पूछताछ की। हर जगह ढूंढा, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला।

# अकाउंटेंट ने की खुदखुशी


## प्रयागराज में लिखा- युवती कह रही थी, शादी करो या 30 लाख रुपये दो

तमसा संकेत, एजेंसी

प्रयागराज। प्रयागराज में ब्लैकमेलिंग से परेशान एक निजी कार शोरूम के अकाउंटेंट ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घर के अंदर उनका शव फंदे से लटका मिला। मौके से मिले सुसाइड नोट में उन्होंने नैनी की रहने वाली एक युवती और उसके भाई पर गंभीर आरोप लगाए।

लिखा कि युवती शादी करने या 30 लाख रुपये देने का दबाव बना रही थी। मांग पूरी नहीं होने पर रेप का मुकदमा दर्ज कराने को धमका रही थी। यह घटना अल्लापुर में बुधवार दोपहर दो बजे के करीब हुई। जार्जटाउन पुलिस ने युवती व उसके भाई पर आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में केस दर्ज किया है। साथ ही उनकी तलाश भी शुरू कर दी है।

शोरगुल होने पर आसपास के लोग जुटे और फिर जानकारी मिलने



पर पुलिस भी आ गई। कमरे और कपड़ों की तलाशी के दौरान एक सुसाइड नोट मिला। पुलिस के अनुसार, उसमें प्रकाश ने अपनी मौत के लिए नैनी के मामा भांजा मोहल्ले में रहने वाली शिवांगी नाम की युवती और उसके भाई विवेक को जिम्मेदार ठहराया है।

लिखा कि दोनों लगातार उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। युवती उससे शादी करने या 30 लाख रुपये देने की मांग कर रही थी। लगातार यह भी धमकी दे रही थी कि वह ऐसा नहीं करता तो उसके खिलाफ रेप का मुकदमा दर्ज करा देगी। वह कुछ सालों पहले उसके संपर्क में आया था।

### निजी कंपनी में करते थे काम

38 वर्षीय प्रकाश धुरिया अमिताभ बच्चन रोड अल्लापुर के रहने वाले थे। वह एक कार शोरूम में नौकरी करते थे। यहां वह पत्नी और परिवार के अन्य लोगों संग रहते थे। परिजनों के मुताबिक, दोपहर में उन्होंने घर के अंदर फांसी लगाकर जान दे दी। काफी देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुलने पर परिजनों को शक हुआ। दोपहर दो बजे के करीब किसी तरह खिड़की से झांककर देखने पर वह फंदे पर लटके दिखाई दिए। दरवाजा खोलकर शव उतारा गया लेकिन तब तक उनकी सांसें थम चुकी थीं।

## स्वरोजगार और निवेश योजनाओं की समीक्षा में लंबित मामलों के जल्द निस्तारण पर जोर

# डीएम ने उद्यमी योजनाओं की प्रगति तेज करने के दिए निर्देश

**समीक्षा**

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर। जिले में औद्योगिक गतिविधियों और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए प्रशासन ने योजनाओं की प्रगति की समीक्षा तेज कर दी है। गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी ईशा प्रिया की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु और जिला व्यापार बंधु की संयुक्त बैठक हुई। इसमें निवेशकों, उद्यमियों और व्यापारियों से जुड़े मामलों के साथ शासन की प्रमुख औद्योगिक योजनाओं की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई।



**जिलाधिकारी ने निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित आवेदनों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को तय समय सीमा में मामलों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निवेशकों और उद्यमियों को विभागीय सेवाएं सरल, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराई जाएं।**

बैठक में निवेश मित्र पोर्टल, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) ऋण योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम-युवा), एक जनपद एक व्यंजन (ओडीओसी) योजना और निजी औद्योगिक पार्क विकास योजना (PLEDGE) की समीक्षा की गई। बैठक में औद्योगिक योजनाओं से जुड़े प्रकरणों में तेजी लाने और विभागीय समन्वय बेहतर करने पर भी जोर दिया गया।

एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) ऋण योजना की समीक्षा में बताया गया कि जिले को 50 लाभार्थियों का लक्ष्य मिला है। इसके सापेक्ष 58 आवेदन बैंकों को भेजे गए हैं।

इनमें 11 आवेदन स्वीकृत किए जा चुके हैं और 13 लाभार्थियों को ऋण वितरित किया गया है। जिलाधिकारी ने शेष प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक लाभार्थियों को योजना का लाभ मिल सके। जिला व्यापार बंधु की बैठक में व्यापारियों ने विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याएं रखीं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए।

### मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में बढ़ी प्रगति

उपायुक्त उद्योग ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत जिले को 169 लाभार्थियों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। अब तक 117 आवेदन विभिन्न बैंकों को भेजे जा चुके हैं।

इनमें 23 लाभार्थियों को ऋण उपलब्ध कराया जा चुका है, जबकि 19 आवेदन स्वीकृत हो चुके हैं। जिलाधिकारी ने बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया समेत अन्य संबंधित बैंकों को लंबित आवेदनों की प्रक्रिया जल्द पूरी करने और स्वीकृत मामलों में ऋण वितरण में तेजी लाने के निर्देश दिए।

# 25 सूत्री मांगों को लेकर शिक्षकों का डीआईओएस कार्यालय पर प्रदर्शन

## सेवा सुरक्षा बहाली, पुरानी पेंशन और विद्यालयों के राजकीयकरण की उठाई मांग

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट) के आह्वान पर गुरुवार को अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों ने जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने अपनी 25 सूत्री मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन डीआईओएस को सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व संगठन के जिलाध्यक्ष प्रमोद वर्मा ने किया। इस दौरान शिक्षकों ने सेवा सुरक्षा से जुड़े प्रावधानों की बहाली, अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के राजकीयकरण और पुरानी पेंशन व्यवस्था (ओपीएस) लागू करने की मांग प्रमुखता से उठाई।

प्रदर्शन में शिक्षकों ने कहा कि सेवा सुरक्षा से संबंधित धारा 21,



18 और 12 की बहाली जरूरी है। संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि इन प्रावधानों के समाप्त होने से शिक्षकों में असंतोष है। अटेवा के जिला संयोजक रामबली त्रिशरण ने राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) से जुड़ी समस्याओं को उठाया। उन्होंने कहा कि एनपीएस के तहत आने वाले शिक्षकों के सरकारी अंशदान को ब्याज सहित अद्यतन नहीं किया गया है। साथ ही पुरानी पेंशन व्यवस्था के दायरे में आने वाले शिक्षकों की एनपीएस में जमा धनराशि को सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ) खाते में स्थानांतरित करने की मांग भी रखी गई।

### वेतन भुगतान और लंबित देयों के निस्तारण की मांग

जिला संरक्षक संदीप पटेल ने अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों के शिक्षकों के वेतन का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने डीआईओएस कार्यालय में सिटिजन चार्टर लागू करने की भी मांग रखी।

उन्होंने चयन वेतनमान, वार्षिक वेतनवृद्धि और लंबित देयों का समयबद्ध भुगतान कराने पर जोर दिया। शिक्षकों ने कहा कि विभागीय स्तर पर लंबित मामलों का जल्द निस्तारण किया जाना चाहिए।

**फास्ट न्यूज**

### महिला थाने की कमान अब प्रियांशु भट्ट के हाथ

अम्बेडकरनगर। महिला थाने को नई प्रभारी मिल गई हैं। महिला उप निरीक्षक प्रियांशु भट्ट ने गुरुवार को महिला थाने पहुंचकर कार्यभार ग्रहण कर लिया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने महिला सुरक्षा, पीड़ित महिलाओं की सुनवाई और शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण को अपनी प्राथमिकताओं में शामिल बताया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद प्रियांशु भट्ट ने थाने की व्यवस्थाओं की जानकारी ली और पुलिसकर्मियों से आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की।

### बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने की रणनीति तैयार

अम्बेडकरनगर। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बहुजन समाज पार्टी ने संगठन को मजबूत करने की दिशा में गतिविधियां तेज कर दी हैं। गुरुवार को अकबरपुर स्थित पूर्वांचल बसपा कार्यालय में आयोजित जिला स्तरीय कार्यकर्ता बैठक में बूथ स्तर तक संगठन विस्तार, कार्यकर्ताओं की सक्रियता और चुनावी तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में अयोध्या मंडल प्रभारी अरविंद गौतम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने और पार्टी की नीतियों को जनता तक पहुंचाने के लिए लगातार क्षेत्र में सक्रिय रहने का आह्वान किया।

### किशोर न्याय अधिनियम की दी जानकारी

अंबेडकरनगर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से बृहस्पतिवार को राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर), अयोध्या में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम-2015 के प्रावधानों की जानकारी दी गई। इसके बाद सम्प्रेक्षण गृह और राजकीय महिला शरणालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

## कार्रवाई के बाद भी नहीं थम रहा अवैध अस्पतालों और पैथोलॉजी सेंटरों का संचालन

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। जिले में अवैध अस्पतालों, नर्सिंग होम और पैथोलॉजी सेंटरों के संचालन पर पूरी तरह रोक नहीं लग पा रही है। नवागत मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. प्रमोद कुमार के कार्यभार संभालने के बाद भी कई क्षेत्रों में बिना पंजीकरण और जरूरी मानकों के स्वास्थ्य सेवाएं संचालित होने की शिकायतें सामने आ रही हैं।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से समय-समय पर अभियान चलाकर ऐसे केंद्रों पर कार्रवाई की गई है। मार्च 2026 में जिले में 13 अवैध पैथोलॉजी लैब चिह्नित की गई थीं। इनमें नौ को नोटिस जारी किया गया था। कुछ केंद्रों को सील भी किया गया था। बसखारी क्षेत्र में भी जांच के दौरान दो अवैध अस्पतालों पर कार्रवाई करते हुए उन्हें सील किया गया था। विभागीय कार्रवाई के बावजूद कई जगहों पर अवैध स्वास्थ्य केंद्रों के दोबारा संचालित होने की शिकायतें मिल रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में बिना लाइसेंस, बिना योग्य चिकित्सक और



**अंबेडकरनगर में बिना पंजीकरण चल रहे केंद्रों पर स्वास्थ्य विभाग की निगरानी पर उठ रहे सवाल**

निर्धारित मानकों के कई केंद्रों के चलने की बात सामने आ रही है। स्वास्थ्य विभाग के नियमों के अनुसार अस्पताल और पैथोलॉजी सेंटरों के लिए पंजीकरण, प्रशिक्षित स्टाफ, अग्निशमन व्यवस्था और बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन जैसी व्यवस्थाएं जरूरी हैं। इसके बावजूद कई केंद्रों पर इन मानकों के पालन को लेकर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जांच के नाम पर कुछ केंद्रों पर मरीजों से अधिक शुल्क लेने, गलत जांच रिपोर्ट देने और उपचार में लापरवाही जैसी शिकायतें भी सामने आती रहती हैं।

# अपराधियों पर कड़ा रुख फरियादियों के लिए खुला संवाद

## अम्बेडकरनगर में बदलता पुलिसिंग का अंदाज

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। जिले में कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में पुलिस प्रशासन की सक्रियता लगातार नजर आ रही है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) प्राची सिंह के नेतृत्व में अपराध नियंत्रण, जनसुनवाई और महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पुलिसिंग को अधिक प्रभावी बनाने का प्रयास किया जा रहा है। सख्त कार्रवाई और संवेदनशील व्यवहार के संतुलन ने उनकी कार्यशैली को चर्चा में ला दिया है। पुलिसिंग में केवल कार्रवाई ही नहीं, बल्कि जनता से बेहतर संवाद को भी महत्व दिया जा रहा है। एसपी प्राची सिंह ने जनसमस्याओं के समाधान और शिकायतों की सुनवाई को प्राथमिकता में रखा है। फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनने और उचित कार्रवाई सुनिश्चित करने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।



पुलिस कार्यालय और थानों पर आने वाले लोगों की शिकायतों के निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि मामलों की जांच निष्पक्ष तरीके से की जाए और शिकायतकर्ताओं को समय पर राहत मिले। इससे पुलिस और जनता के बीच संवाद को मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है।

### अपराध पर सख्त रुख, कानून के पालन का साफ संदेश

एसपी प्राची सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने अपराध और अवैध गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई को प्राथमिकता दी है। जिले में कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वाले तत्वों पर निगरानी बढ़ाई गई है। पुलिस का संदेश स्पष्ट है कि कानून तोड़ने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस की सक्रियता, गश्त व्यवस्था और कार्रवाई की प्रक्रिया को मजबूत करने पर जोर दिया जा रहा है। पुलिस प्रशासन का उद्देश्य जिले में शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखना और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

# जिला अस्पताल पहुंचे विधायक धर्मराज निषाद



तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। कटेहरी विधायक धर्मराज निषाद ने अकबरपुर स्थित जिला अस्पताल का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न वार्डों में भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और उपचार संबंधी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान विधायक ने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था तथा मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का अवलोकन किया। उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की स्थिति की भी जानकारी ली। विधायक ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) से अस्पताल की व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने, मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने तथा निरीक्षण के दौरान मिली कमियों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। धर्मराज निषाद ने कहा कि आमजन को गुणवत्तापूर्ण, सुलभ और समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को बेहतर उपचार और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों, इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

## तीन मामलों में दोषी करार, कोर्ट ने लगाया 19 हजार रुपये का अर्थदंड

# जानलेवा हमले और पुलिस पर फायरिंग में सुनील यादव को 10 साल की सजा

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। जानलेवा हमले और पुलिस टीम पर फायरिंग के तीन पुराने मामलों में दोषी सुनील यादव को अदालत ने 10 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही कोर्ट ने उस पर 19 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। फैसला एडीजीसी क्रिमिनल सुभाष चंद्र वर्मा की पैरवी और दलीलों के आधार पर सुनाया गया।

मामला वर्ष 2015 का है। अयोध्या के महराजगंज निवासी सौरभ ने 11 मार्च 2015 को राजेसुल्तानपुर थाना क्षेत्र के बछुवापार में स्थित अपने पिता की शिवम ज्वैलर्स दुकान पर हमले की प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

तहरीर के अनुसार शाम करीब पांच बजे तीन लोग बाइक से



दुकान पर पहुंचे थे। आरोप था कि उन्होंने दुकान में घुसकर सौरभ के पिता पर गोली चला दी। गोली लगने से वह घायल हो गए थे। वारदात के बाद हमलावर जहांगीरगंज की ओर भाग गए थे।

पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमले की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान सुनील यादव, सुमित यादव और विजेंद्र उर्फ बेचू यादव के नाम सामने आए।

### पुलिस टीम पर फायरिंग में भी दोषी मिला सुनील

मामले की जांच के दौरान पुलिस टीम पर फायरिंग का एक अन्य मामला भी सामने आया। 17 जून 2014 को तत्कालीन थानाध्यक्ष योगेश शाह पुलिस टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान लाडलापुर के पास एसओजी प्रभारी मनबोध तिवारी से सूचना मिली कि कुछ बदमाश दो बाइक से रामनगर की ओर जा रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने चनगहवा पुलिया के पास घेराबंदी की। आरोप है कि बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई के बाद पुलिस ने चार बदमाशों को पकड़ लिया, जबकि एक मौके से फरार हो गया। पकड़े गए आरोपियों में सुनील यादव भी शामिल था। पुलिस के अनुसार तलाशी के दौरान उसके पास से दो नाली बंदूक और दो खोखे बरामद किए गए थे।

**पुलिस ने ज्वैलर्स दुकान पर हमले, पुलिस टीम पर हमला और एक अन्य साजिश से जुड़े मामले में आरोप पत्र अदालत में दाखिल किया था। सुनवाई के बाद कोर्ट ने सुनील यादव को तीनों मामलों में दोषी पाया।**

**अदालत ने पुलिस और व्यापारी पर हमले के मामलों में 10-10 साल के सश्रम कारावास और कुल 16 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। वहीं साजिश से जुड़े मामले में तीन साल की सजा और तीन हजार रुपये अर्थदंड लगाया गया।**

# 10 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण, एक दुकान निलंबित, चार को नोटिस

## उर्वरक बिक्री केंद्रों पर कृषि विभाग की सख्ती नौ उर्वरक नमूने जांच के लिए भेजे गए

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। खरीफ सीजन के बीच उर्वरकों की उपलब्धता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए कृषि विभाग ने जिले में निरीक्षण अभियान तेज कर दिया है। जिला कृषि अधिकारी अरविंद चौधरी ने गुरुवार को 10 उर्वरक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। कार्रवाई के दौरान एक उर्वरक दुकान का लाइसेंस निलंबित किया गया, जबकि चार दुकानों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। साथ ही विभिन्न प्रतिष्ठानों से उर्वरकों के नौ नमूने जांच के लिए संग्रहित किए गए।

निरीक्षण के दौरान विकांत खाद भंडार (जाफरगंज), यादव खाद भंडार (मालीपुर), शिवम खाद भंडार (गुआ पाकड़) तथा शिवपूजन वर्मा की दुकान बंद मिलने पर संबंधित संचालकों को कारण बताओ



नोटिस जारी किया गया। वहीं, शर्मा खाद भंडार, आलमपुर अखई का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया।

जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जुलाई माह तक यूरिया के 25,115 मीट्रिक टन लक्ष्य के मुकाबले 40,723 मीट्रिक टन, डीएपी के 4,914 मीट्रिक टन लक्ष्य के सापेक्ष 7,395 मीट्रिक टन, एनपीके के 1,146 मीट्रिक टन लक्ष्य के सापेक्ष 3,927 मीट्रिक टन तथा एसएसपी के 10,325 मीट्रिक टन लक्ष्य के मुकाबले 21,568 मीट्रिक टन उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। एमओपी की उपलब्धता 178 मीट्रिक टन दर्ज की गई। वर्तमान में सहकारी एवं निजी क्षेत्र में संयुक्त रूप से 15,448 मीट्रिक टन यूरिया, 2,749 मीट्रिक टन डीएपी, 3,016 मीट्रिक टन एनपीके, 7,208 मीट्रिक टन एसएसपी तथा 125 मीट्रिक टन एमओपी उपलब्ध है। विभाग का कहना है कि जिले में किसानों के लिए यूरिया और फास्फेटिक उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि उर्वरक प्राप्त करने के लिए फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य है। किसानों की सुविधा के लिए जिला कृषि अधिकारी कार्यालय में उर्वरक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है।

## जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से मिले ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के पदाधिकारी

### पत्रकारों की सुरक्षा, समन्वय और समस्याओं पर हुई चर्चा

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को जिलाधिकारी ईशा प्रिया और पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने जनपद के पत्रकारों से जुड़े विभिन्न मुद्दों, सुरक्षा और कार्य के दौरान आने वाली व्यावहारिक समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की।

भेंट के दौरान एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल ने पत्रकारों के हितों से जुड़े विषयों पर अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए आवश्यक सहयोग की अपेक्षा जताई। जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता के लिए सुरक्षित एवं



सकारात्मक वातावरण आवश्यक है। उन्होंने जनपद में पत्रकारों की समस्याओं के समाधान और प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना। प्रतिनिधिमंडल में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, तहसील अध्यक्ष आलापुर योगेंद्र यादव, जिला कोषाध्यक्ष अनीस मसूदी, जिला उपाध्यक्ष रवींद्र वर्मा, तहसील मंत्री कृष्ण सिंह, जिला संगठन मंत्री कृष्णचंद्र दूबे, जिला उपाध्यक्ष लालमणि गौड़ सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## निर्देश : सुरक्षा, साफ-सफाई और यातायात व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

# कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन अलर्ट

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। श्रावण मास और कांवड़ यात्रा-2026 को सकुशल और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिलाधिकारी ईशा प्रिया और पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने बुधवार को तहसील टांडा क्षेत्र के प्रमुख कांवड़ मार्गों और धार्मिक स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम आवागमन और जरूरी सुविधाओं को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने टांडा-फैजाबाद मार्ग स्थित मखदूम नगर में निर्माणाधीन रेलवे ऊपरगामी सेतु, झारखंडी महादेव मंदिर, महादेवा घाट और टांडा चौक घंटाघर सहित कई प्रमुख स्थानों का



जायजा लिया। मखदूम नगर स्थित निर्माणाधीन रेलवे ऊपरगामी सेतु का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने कांवड़ियों के आवागमन को देखते हुए मार्ग को सुरक्षित और सुगम बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से कहा कि सेतु मार्ग पर पड़े कंकड़ और अन्य अवरोधों को हटाकर रास्ते को समतल कराया जाए, जिससे श्रद्धालुओं को आवागमन में परेशानी न हो।

इसके बाद जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक झारखंडी महादेव मंदिर पहुंचे। यहां श्रावण मास में आने वाले श्रद्धालुओं और कांवड़ियों के लिए की जा रही व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई। अधिकारियों ने पेयजल, स्वच्छता, बैरिकेडिंग, यातायात नियंत्रण और अन्य सुविधाओं को समय से पूरा करने के निर्देश दिए। महादेवा घाट पहुंचकर अधिकारियों ने घाट की साफ-सफाई और सुरक्षा इंतजामों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने जल सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए घाट पर तीन स्तरीय जल बैरिकेडिंग कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा घाट पर पर्याप्त संख्या में सफाई कर्मियों की तैनाती और प्रकाश व्यवस्था बेहतर करने को कहा गया। प्रशासन ने संबंधित विभागों को सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी करने के निर्देश दिए हैं।

### कांवड़ मार्गों पर सफाई और विद्युत व्यवस्था पर जोर

अधिकारियों ने टांडा चौक घंटाघर से झारखंडी महादेव मंदिर तक कांवड़ मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान सड़क की साफ-सफाई, बिजली व्यवस्था और अन्य सुविधाओं की स्थिति देखी गई।

जिलाधिकारी ने मार्ग के किनारे लटक रहे ढीले विद्युत तारों को तत्काल व्यवस्थित कराने के निर्देश दिए। साथ ही विद्युत पोलों पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया, ताकि यात्रा के दौरान किसी प्रकार की समस्या न हो।

# पहुंचा गुरु रविदास जन्मस्थली की पावन मिट्टी का कलश

## समरसता संकल्प अभियान के तहत जिले में हुआ स्वागत

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। संत शिरोमणि गुरु रविदास की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी के समरसता संकल्प अभियान के तहत वाराणसी के सीर गोवर्धनपुर स्थित गुरु रविदास जन्मस्थली से लाई गई पावन मिट्टी से भरे कलश का अंबेडकरनगर में भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप पटेल देव के नेतृत्व में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से कार्यकर्ता दर्जनों चार पहिया और दो पहिया वाहनों के साथ शोभायात्रा में शामिल हुए। आकर्षक ढंग से सजाए गए रथ में पावन कलश को स्थापित कर पूरे सम्मान के साथ भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन तक लाया गया। शोभायात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं ने गुरु रविदास के जयघोष लगाए और विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर कलश का स्वागत किया। जिला कार्यालय पहुंचने पर भी पावन कलश का स्वागत किया गया।



इस अवसर पर जिलाध्यक्ष दिलीप पटेल देव ने कहा कि गुरु रविदास भारतीय संत परंपरा के प्रमुख संतों में रहे हैं। उन्होंने समाज को समानता, समरसता, मानवता, प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वाराणसी स्थित गुरु रविदास जन्मस्थली की पावन मिट्टी का जिले में पहुंचना आस्था और प्रेरणा का विषय है। उन्होंने कहा कि यह कलश केवल पावन मिट्टी का प्रतीक नहीं है, बल्कि संत परंपरा, सामाजिक समरसता और भारतीय संस्कृति के मूल्यों का भी प्रतिनिधित्व करता है।

# सम्पादकीय

## स्तरहीन चर्चा



अंततः पेपर लीक विरोधी संशोधन विधेयक लोकसभा से पारित हो गया। राज्यसभा से भी इस विधेयक के पारित होने के आसार हैं। इस विधेयक पर संसद की मुहर लगने के साथ ही पेपर लीक विरोधी कानून और अधिक कठोर हो जाएगा, लेकिन यह समय बताएगा कि वह परीक्षाओं में सेंध लगाने वाले तत्वों को हतोत्साहित करने में सफल होगा या नहीं? निःसंदेह परीक्षाओं में सेंध लगने की समस्या को देखते हुए पेपर लीक विरोधी कानून को कठोर किया ही जाना चाहिए, लेकिन यह ध्यान रहे कि कड़े कानून एक सीमा तक ही प्रभावी होते हैं। आवश्यकता इसके उपाय करने की भी है कि पेपर लीक हो ही न सकें। आशा की जाती है कि नंदन नीलेकणि के नेतृत्व में गठित समिति की ओर से सुझाए गए उपायों पर अमल करने में भी तत्परता दिखाई जाएगी। ऐसा करना इसलिए आवश्यक है, क्योंकि देश में पेपर लीक कराने वाला एक माफिया पैदा हो गया है।

यह माफिया इसलिए पैदा हुआ है, क्योंकि ऐसे छात्रों की संख्या बढ़ी है, जो छल-छद्म से परीक्षा पास करना चाहते हैं। इसी के साथ स्कूली परीक्षाओं में भी नकल की प्रवृत्ति बढ़ती चली जा रही है। जो छात्र स्कूली परीक्षाओं में नकल करके पास होते हैं, वही आगे चलकर प्रतियोगी परीक्षाओं को अनुचित तरीके से पास करने के जतन करते हैं। स्पष्ट है कि पेपर लीक की समस्या के पीछे कहीं न कहीं समाज का चारित्रिक पतन भी जिम्मेदार है। इसे इससे समझा जा सकता है कि छात्रों और अभिभावकों के साथ-साथ शिक्षक भी पेपर लीक में लिप्त पाए जा रहे हैं।

यह एक विडंबना रही कि लोकसभा में पेपर लीक विरोधी कानून को और कठोर किए जाने संबंधी विधेयक पर चर्चा के दौरान पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप तो खूब हुए, लेकिन पेपर लीक की समस्या के लिए उत्तरदायी नैतिक पतन की ओर ध्यानाकर्षण नहीं किया गया। कहीं इसलिए तो नहीं कि हमारे कई जनप्रतिनिधि भी ऐसे हैं, जिन पर छल-कपट के सहारे पास होने के आरोप लगे हैं? यह निराशाजनक रहा कि लोकसभा में पेपर लीक विधेयक के गुण-दोष पर बहुत कम चर्चा हुई। पक्ष-विपक्ष एक-दूसरे को कठघरे में खड़ा करता रहा और शिक्षा एवं परीक्षा व्यवस्था की कमियों पर गंभीर चर्चा करने के लिए आगे नहीं आया। जो चर्चा हुई भी, वह स्तरहीन ही रही। ऐसा लगा कि पक्ष-विपक्ष की रुचि पेपर लीक के लिए एक-दूसरे को दोषी बताने की रही। कुछ नेता तो ऐसे रहे, जिन्होंने पेपर लीक विधेयक पर कुछ कहा ही नहीं।

इसके बजाय वे इधर-उधर की बातें करते रहे। इनमें नेता विपक्ष राहुल गांधी भी रहे। उनका भाषण एक तरह से इसका परिचायक रहा कि किसी गंभीर मुद्दे पर सार्थक चर्चा कैसे न की जाए। उनके भाषण उन्हें चर्चा में तो ला देते हैं, पर उनसे किसी को कुछ हासिल नहीं होता।

## विषम परिस्थिति में सम रहना

हमारे निषेधात्मक भाव हमारी हर परिस्थिति को जटिल बना देते है।जैसे-हमारी हर बात में शक करने की आदत की कभी ये हो गया तो,कभी वो हो गया तो आदि - आदि । हमको हमें अपनी अनंत शक्ति पर आत्मविश्वास होना चाहिए । वह जिससे हर विषम परिस्थिति भी हमारे लिए सरल बन जाती है। जीवन है ,वहां संघर्ष तो होंगे ही।हमारा संघर्ष के समय सम भावों में रहना ही तो जिंदगी हैं। हमारे होंसले हमेशा बुलन्द रहें । हम चट्टान बनकर जीवन की सभी हर परिस्थिति में सरलमना होकर आगे बढ़ते जाएं । हमारे भाव विशुद्ध रहे । हम डांवाडोल न हो । हमारे दृढ़ मनोबल से तो जिंदगी बहुत सरल होती हैं । जीवन में सुखी बनने का सबसे बड़ा सूत्र संयम हैं । वह जिस व्यक्ति का अपनी वृत्तियों पर नियंत्रण नहीं होता , अपनी इच्छाओं पर विनियंत्रण होता हैं, योग्यता कम होती हैं, उसकी महत्त्वाकांक्षा बड़ी होती हैं आदि - आदि तो यह प्रमाद का जीवन हैं । वह सदा प्रसन्नचित नहीं रह सकता हैं । वह उसे कोई भी सुखी नहीं बना सकता हैं । सुख व प्रसन्नता का सरल नियम न अपेक्षा और न ही उपेक्षा आदि- आदि है । सुखी बनने का सबसे अच्छा सूत्र स्वावलंबन है। वह परावलम्बी कभी शांत और सुखी नहीं बन सकता हैं । अतः कोई अपेक्षा न रखे । हम संयममय , अप्रमादी स्वावलंबी आदि - आदि जीवन जीना सीखें । हम अपने आप को प्रसन्न व सुखी आलेखें। हमारे मन में यह चिंतन आ सकता हैं कि धन से परिस्थिति सही रहती हैं। वह आगे चिंतन आ सकता हैं कि धनवान शब्द ही तो स्पष्टतया धन का स्वामी कहता है । और समाज में आदरणीय, नामी धनपति ही होता हैं। वह इसके प्रत्युत्तर में दूसरे ने अपना मत रखा कि मैं आदर सहित आपसे असहमत हूं । धन-वैभव कभी आदर सम्मान का मापदण्ड नहीं होता है । प्रतिष्ठा का मापदण्ड गुण सम्पदा की सम्पन्नता हैं । यथा मधुर व्यवहार, शालीन आचार , सेवा-भावना , अनुशासनप्रियता, मिलनसारिता आदि - आदि सादगीपूर्ण अहं रहित जीवन हो । वह आध्यात्मिक स्वाध्याय प्रियता, व्यवहारकुशलता आदि-आदि ही तो उच्चता की गुणवत्ता हैं ।

> प्रदीप छाजेड़

# पिछले 09 वर्षों में पंचायती राज विभाग द्वारा जनपद लखनऊ की उल्लेखनीय प्रगति

"पिछले 09 वर्षों में विभाग ने डिजिटल गवर्नेंस को भी बढ़ावा दिया। ई-ग्राम स्वराज पोर्टल, पंचायत लेखा प्रणाली और ऑनलाइन निगरानी व्यवस्था के माध्यम से पंचायतों के कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हुई।"

पंचायती राज व्यवस्था ग्रामीण विकास और स्थानीय स्वशासन की आधारशिला है। जनपद लखनऊ में पिछले 09 वर्षों के दौरान पंचायती राज विभाग ने विकास के अनेक आयामों पर उल्लेखनीय कार्य करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं, स्वच्छता, सुशासन और जनकल्याण को नई दिशा दी है। विभाग द्वारा संचालित योजनाओं और परियोजनाओं ने न केवल ग्रामीण जीवन स्तर में सुधार किया है, बल्कि गांवों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पिछले नौ वर्षों में पंचायती राज विभाग द्वारा जनपद लखनऊ में आधारभूत संरचना के विकास पर विशेष बल दिया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक सुविधाओं के विस्तार के तहत 14.13 करोड़ रुपये की लागत से 58 अन्त्येष्टि स्थलों का निर्माण कराया गया। यह कार्य ग्रामीण क्षेत्रों में गरिमामय अंतिम संस्कार व्यवस्था उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा है। इन स्थलों के निर्माण से ग्रामीण जनता को सुविधा मिलने के साथ सामाजिक आवश्यकताओं की पूर्ति भी हुई है।

इसी प्रकार ग्रामीण प्रशासन को सुदृढ बनाने हेतु राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आर०जी०एस०ए०) के अंतर्गत 18.51 करोड़ रुपये की लागत से 106 पंचायत भवनों का निर्माण कराया गया। पंचायत भवन ग्रामीण प्रशासन की रीढ़ होते हैं, जहां ग्राम सभाएं, विकास योजनाओं की बैठकें और प्रशासनिक गतिविधियां संचालित होती है। आधुनिक सुविधाओं से युक्त इन पंचायत भवनों ने ग्राम स्तर पर सुशासन को मजबूती दी है। स्वच्छता के क्षेत्र में भी जनपद लखनऊ ने उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित की है। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 31.87 करोड़ रुपये की लागत से 491 सामुदायिक शौचालयों का निर्माण कराया गया। इन शौचालयों के निर्माण से सार्वजनिक स्वच्छता व्यवस्था मजबूत हुई और विशेषकर महिलाओं, बुजुर्गों तथा जरूरतमंदों को सुविधा मिली। यह कार्य ग्रामीण स्वच्छता अभियान की सफलता का प्रमुख उदाहरण है।

इसी क्रम में व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के क्षेत्र में भी अभूतपूर्व प्रगति हुई। स्वच्छ भारत मिशन के अंत्तर्गत 267.05 करोड रुपये की लागत से 2,22,538 व्यक्तिगत शौचालयों का निर्माण कराया गया। यह उपलब्धि खुले में शौच मुक्त (ODF) अभियान को सफल बनाने में मील का पत्थर साबित हुई। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढी, महिलाओं की गरिमा सुरक्षित हुई तथा स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में कमी आई। ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिक सेवाओं को सुलभ बनाने हेतु आर०जी०एस०ए० योजनान्तर्गत 3.12 करोड़ रुपये की लागत से 78 जन सेवा केन्द्रों का निर्माण कराया गया। इन केंद्रों के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी सेवाएं, प्रमाणपत्र, आवेदन और योजनाओं से संबंधित जानकारी स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो रही है। इससे शासन की सेवाओं की पहुंच गांव तक सुनिश्चित हुई है। इन उपलब्धियों के अतिरिक्त पंचायती राज विभाग ने ग्राम पंचायत विकास योजनाओं (GPDP) के माध्यम से गांवों की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों को गति दी। गांवों में सड़क, नाली, इंटरलॉकिंग, पंचायत भवन, पेयजल, सौर लाइट, खेल मैदान और अन्य सामुदायिक परिसंपत्तियों का विकास किया गया। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन स्तर में व्यापक सुधार हुआ।

पंचायत सहायकों और पंचायत सचिवालयों के माध्यम से ग्रामीण प्रशासन को अधिक प्रभावी बनाया गया। महिला सशक्तिकरण भी इस प्रगति का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। पंचायतों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है और महिला ग्राम प्रधानों ने विकास कार्यों में सक्रिय योगदान दिया है। स्वयं सहायता समूहों और पंचायतों के समन्वय से ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण को बल मिला है। मनरेगा के अंतर्गत भी पंचायती राज विभाग ने उल्लेखनीय कार्य किए। तालाबों का पुनरुद्धार, चकरोड निर्माण, वृक्षारोपण, जल संरक्षण और अन्य सार्वजनिक परिसंपत्तियों का निर्माण कराया गया। अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत जल संरक्षण को बढ़ावा दिया गया, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यावरणीय संतुलन और जल संसाधनों की उपलब्धता बेहतर हुई।

सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के क्रियान्वयन में पंचायतों की भूमिका अत्यंत प्रभावी रही। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांगजन पेंशन, राशन वितरण और अन्य योजनाओं के लाभार्थियों की पहचान और सहायता में पंचायतों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

वित्तीय प्रबंधन और पारदर्शिता के क्षेत्र में भी विभाग ने सराहनीय प्रगति की है। केंद्रीय और राज्य वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि का उपयोग विकास कार्यों में प्रभावी ढंग से किया गया। ऑनलाइन भुगतान प्रणाली और सामाजिक अंकेक्षण के माध्यम से वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित किया गया।

यदि पिछले 09 वर्षों की उपलब्धियों को समग्र रूप में देखा जाए तो पंचायती राज विभाग द्वारा केवल योजनाओं का क्रियान्वयन ही नहीं किया गया, बल्कि ग्रामीण जीवन में व्यापक परिवर्तन लाने का कार्य हुआ है। 58 अन्त्येष्टि स्थल, 106 पंचायत भवन, 491 सामुदायिक शौचालय, 2.22 लाख से अधिक व्यक्तिगत शौचालय और 78 जन सेवा केंद्र जैसी उपलब्धियां इस प्रगति को मूर्त रूप देती हैं। यह केवल आंकड़े नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास की बदलती तस्वीर के प्रतीक है। इन उपलब्धियों ने लखनऊ के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता, सुशासन, सम्मानजनक जीवन, प्रशासनिक पहुंच और सामाजिक विकास को नई ऊंचाई दी है। पंचायती राज विभाग की यह प्रगति ₹सशक्त पंचायत, समृद्ध गांव₹ की अवधारणा को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। निश्चित रूप से पिछले 09 वर्षों में जनपद लखनऊ में पंचायती राज विभाग की प्रगति उल्लेखनीय, बहुआयामी और प्रेरणादायी रही है। आने वाले समय में डिजिटल पंचायत, स्मार्ट ग्राम और आत्मनिर्भर गांव की अवधारणा के साथ यह प्रगति और नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगी।

- आदर अदीब पावेल बन्धु

## 20 जुलाई दिल्ली ...

राजेश श्रीवास्तव

# क्या कॉकरोच आंदोलन का असर आने वाले चुनावों पर पड़ेगा ?

12 साल पुरानी केंद्र की मोदी सरकार, मामला चाहे सीएए-एनआरसी प्रोटेस्ट का हो या संसद में बीच सत्र से 146 विपक्षी सांसदों का सस्पेंशन या फिर राहुल गांधी की सदस्यता खत्म कर दी गई हो, किसी विरोध के आगे कमजोर पड़ते नहीं दिखी। किसी मंत्री पर इस्तीफ़े का दबाव बना, तो कहा गया- 'भैया यहां इस्तीफ़े नहीं होते।' लेकिन 12 साल में पहली बार कॉकरोच पार्टी ने मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा ले लिया। इस पूरे घटनाक्रम से कौन-से बड़े डेंट लगे और क्या सरकार इससे उबर पाएगी। उत्तर प्रदेश, पंजाब और उत्तराखंड की विधानसभाओं का कार्यकाल 2०27 में खत्म हो रहा है। यहां फरवरी-मार्च 2०27 में चुनाव हो सकते हैं। तो इन चुनावों पर इस आंदोलन का क्या डेंट लगेगा, इसकी पड़ताल करती यह रिपोर्ट। प्रोटेस्ट के दौरान सरकार ने राहुल गांधी या विपक्षी से कोई बातचीत नहीं की। उसने सीजेपी के युवा नेताओं के साथ डील करके उनकी मांगें मान लीं ताकि विपक्ष इसे अपनी जीत न दिखा सके जबकि कॉकरोच पार्टी कोई चुनावी मंच नहीं, बल्कि यूथ प्लेटफॉर्म है। इसलिए सीधे तौर पर बीजेपी को कोई चुनावी नुकसान होता नहीं दिखता। विपक्ष को तब फायदा हो सकता था, जब उसने मांगें न मानी होतीं। 2०15 में विदेश मंत्री सुषमा स्वराज और राजस्थान की सीएम वसुंधरा राजे पर आरोप लगे कि दोनों ने लंदन में रह रहे भगोड़े ललित मोदी की पुर्तगाल जाने में मदद की है। सुषमा और वसुंधरा के इस्तीफ़े की मांग होने लगी। तब 24 जून 2०15 को केंद्रीय गृहमंत्री राजनाथ सिह ने एक बयान दिया- 'नहीं... नहीं, इसमें (मोदी सरकार में) मंत्रियों के त्यागपत्र नहीं होते हैं, भैया। यूपीए सरकार नहीं है, ये एनडीए सरकार है।' राजनाथ का यही बयान बीजेपी सरकार का अघोषित नियम बन गया। मोदी सरकार में किसी मंत्री के इस्तीफा न देने का इतिहास रहा है, सिर्फ एमजे अकबर का मामला छोड़ दें तो। 2०18 में #मीटू मामले में एम.जे. अकबर ने विदेश राज्यमंत्री के पद से इस्तीफा दिया था। पीएम मोदी ने राजनीति में अपनी ऐसी छवि बनाई कि उन्हें कोई भी किसी तरह से दबाव में नहीं ला सकता। दबाव में उनसे काम नहीं करवा सकता लेकिन धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफ़े से इस छवि में कहीं-न-कहीं असर पड़ा है।




कॉकरोज जनता पार्टी के प्रोटेस्ट पर धर्मेंद्र प्रधान ने खुद कहा कि ये दहशतगर्दों की बी टीम है। लोकतांत्रिक रूप से खारिज किए जा चुके लोग भेष बदलकर सिस्टम के पीछे पड़े हैं और उन लोगों के लिए नारे लगाते हैं, जो देश को बांटना चाहते हैं। सरकार अक्सर विवादों को सांप्रदायिक बनाकर, एंटी नेशनल कहकर या विदेशी फंडिग बताकर बहुत अच्छे से हैंडल कर लेती है। लेकिन धर्म और आस्था से दूर जो मामले होते हैं, वहां सरकार को हैंडलिग में समस्या आती है। यानी यहां हिदू-मुस्लिम और राष्ट्रवाद की बाइनरी फ़ेल होना भी बीजेपी सरकार के लिए डेंट है।

2० जुलाई दिल्ली पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स ने सीजेपी के संसद मार्च पर लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोले दागे। जंतर-मंतर सजा स्टेज भी उखाड़ दिया। उसके बाद भी प्रदर्शन जारी रहा, यानी बल काम नहीं आया। इसके बाद सरकार ने बातचीत का रास्ता चुना। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने प्रदर्शनकारियों और सोनम वांगचुक से बातचीत शुरू की। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिह ने राहुल गांधी और विपक्ष से बातचीत की। पीएम मोदी ने भी इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट किए। लेकिन धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफ़े से कम में मानने को कोई तैयार नहीं था।

यानी अगर विरोध की आवाज में फैक्ट, कॉन्टिन्यूटी और मास-सपोर्ट हो तो उसे बलपूर्वक या राजनीतिक बयानबाजी से दरकिनार नहीं किया जा सकता। प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर लाठी चलीं। पैलेट गन चलीं। फिर भी युवा पीछे नहीं हटे। इससे सरकार पर दबाव बना, जिसे खुद सरकार ने महसूस किया और छात्रों के दबाव में आखिरकार धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना पड़ा।

## वास्तविक...

डॉ0 मत्स्येन्द्र प्रभाकर

# आरक्षण, वंशवाद और बराबरी का सवाल

देश में आरक्षण को लेकर बहस एक बार फिर उफान पर है। कहीं इसे सामाजिक न्याय का आधार बताया जा रहा है, तो कहीं इसे व्यवस्था में जड़ पकड़ चुकी वंशवादी और जातिवादी संरचना का जवाब। सच यह है कि यह बहस केवल सरकारी नौकरियों तक सीमित नहीं है, बल्कि अब शिक्षा, स्वास्थ्य, मीडिया, न्यायपालिका, प्रशासन, राजनीति, खेल, फिल्म और यहाँ तक कि धार्मिक-प्रशासनिक ढाँचों तक फैल चुकी है। सवाल यह नहीं है कि आरक्षण होना चाहिए या नहीं; असली सवाल यह है कि क्या देश के हर क्षेत्र में अवसर, योग्यता और हिस्सेदारी का सन्तुलन सचमुच है?

आलोचकों का कहना है कि यदि समाज के कुछ वर्गों को उनके ऐतिहासिक और आर्थिक पिछड़ेपन के कारण आरक्षण दिया गया, तो फिर उसी न्याय के सिद्धान्त पर यह पूछा जाना चाहिए कि क्या निजी और सार्वजनिक जीवन के उन तमाम क्षेत्रों में भी समान अवसर मौजूद हैं, जहाँ वर्षों से एक ही तरह की पारिवारिक, जातीय और सामाजिक पकड़ बनी हुई है। मन्दिरों के प्रबन्धन से लेकर अदालतों की ऊँची पीठ तक, विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से लेकर बड़े मीडिया घरानों और फिल्म उद्योग तक, वंशवाद की जड़ें कमज़ोर नहीं पड़ीं। अनेक पद ऐसे हैं, जहाँ योग्यता से अधिक नेटवर्क, पहचान और विरासत काम करती है।

यही कारण है कि आरक्षण-विरोध की आवाज़ अब केवल नाराज़गी नहीं, बल्कि एक बड़े असन्तोष का रूप लेने लगी है। यह असन्तोष इस प्रश्न पर केन्द्रित है कि यदि देश में "जिसकी जितनी भागीदारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी" का सिद्धान्त वास्तविक लोकतंत्र का आधार है तो वह सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों तक सीमित क्यों रहे? यदि 10 प्रतिशत के लिए आर्थिक रूप से तय "ईडब्ल्यूएस" जैसी व्यवस्था सम्भव है, यदि कई क्षेत्रों में परोक्ष या अपरोक्ष वंशवादी कोटा चलता है, तो फिर बाक़ी वञ्चित समाज के लिए भी पारदर्शी और समान अवसर क्यों नहीं? लेकिन इस बहस को केवल प्रतिरोध की भाषा में नहीं, समाधान की भाषा में भी आगे बढ़ाना होगा। आरक्षण का मूल उद्देश्य सदियों से वञ्चित समुदायों को मुख्यधारा में लाना था। यह केवल आर्थिक गरीबी का नहीं, सामाजिक अपमान, छुआछूत, बहिष्कार और संरचनात्मक भेदभाव का प्रश्न भी रहा है। इसलिए आरक्षण को एक झटके में समाप्त करने की माँग, बिना सामाजिक समानता की ठोस नींव रखे, नये तनाव और नयी अन्यायपूर्ण स्थितियाँ पैदा कर सकती है। एक ओर वंशवाद और कृत्रिम विशेषाधिकारों पर चोट होनी चाहिए, दूसरी ओर सामाजिक न्याय की ऐतिहासिक आवश्यकता को भी नहीं भुलाया जाना चाहिए।

वास्तविक सुधार वहीं से शुरू होगा जहाँ शिक्षा की असमानता टूटेगी। आज अमीर और गरीब के बच्चों के लिए शिक्षा के मैदान बराबर नहीं हैं। एक ओर महंगे स्कूल, इंग्लिश मीडियम, निजी कोचिंग और संसाधनों की भरमार है; दूसरी ओर सरकारी स्कूलों में शिक्षक-घाटे, पुरानी किताबें और असमान व्यवस्था।

## जरा हटके

## इसी उद्देश्य से ...

केवल राम, से0नि0 सूचनाधिकारी

# प्रदेश में पर्यटन विभाग द्वारा आस्था के साथ रोजगार सृजन को प्राथमिकता



प्रदेश में पर्यटन अब सिर्फ घूमने फिरने तक सीमित नहीं रहा। यह युवाओं के लिए रोजगार और स्टार्टअप के नए मौके लेकर सामने आया है। राज्य सरकार की 'न्यू टूरिज्म स्टार्टअप यूनिट' पहल के जरिए युवा अपने आइडिया को कारोबार में बदल सकेंगे। मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश की अर्थव्यवस्था 'वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी' के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है। ऐसे में यह प्रयास पर्यटन सेक्टर को 'स्मार्ट' और 'अनुभव-आधारित' विशिष्ट पहचान दे रही है।

उत्तर प्रदेश में पर्यटन क्षेत्र में नवाचार और आधुनिक तकनीकों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'नई पर्यटन स्टार्टअप इकाइयों' की श्रेणी के तहत ऐसे प्रोजेक्ट्स और सेवाओं को शामिल किया गया है, जो नवीन तकनीकों का उपयोग करते हों, सतत विकास को प्रोत्साहित करते हों एवं स्थानीय समुदायों पर सकारात्मक प्रभाव डालते हों। हॉबिट हाउस, कैरावान यूनिट्स से पर्यटन रोमांचक होगा। उत्तर प्रदेश में पर्यटन क्षेत्र को नवाचार, आधुनिक तकनीक और सतत विकास के साथ नई दिशा देने की पहल तेज कर दी गई है। इसी क्रम में कई अभिनव पर्यटन इकाइयों के मॉडल सामने लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। 'हॉबिट हाउस' जैसे थीम आधारित आवास, जापानी शैली के पॉड्स, कैप्सूल स्टे, पर्यावरण संरक्षण पर आधारित रीजेनरेटिव टूरिज्म यूनिट्स, अत्याधुनिक तकनीक से लैस कैरावान यूनिट्स तथा ओपन-एयर 'स्टार बेड' विकसित करने का विचार किया जा रहा है।

इसी उद्देश्य से निवेशकों से निवेश प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं। सरकार की ओर से छूट मिलेगी। उ०प्र० पर्यटन नीति-2022 के तहत निवेशकों को आकर्षक प्रोत्साहन दिए जा रहे हैं। नीति के अनुसार 10 लाख से 10 करोड़ रुपए तक के निवेश पर 25 प्रतिशत की सब्सिडी (अधिकतम 02 करोड़ रुपए), 50 करोड़ रुपए तक के निवेश पर 20 प्रतिशत (अधिकतम 7.5 करोड़ रुपए), 200 करोड़ रुपए तक के निवेश पर 15 प्रतिशत (अधिकतम 20 करोड़ रुपए), 500 करोड़ रुपए तक के निवेश पर 10 प्रतिशत (अधिकतम 25 करोड़ रुपए) और 500 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश पर भी 10 प्रतिशत सब्सिडी (अधिकतम 40 करोड़ रुपए) दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, शत प्रतिशत स्टांप शुल्क में छूट और सभी पर्यटन इकाइयों के लिए भूमि परिवर्तन एवं विकास शुल्क में पूर्ण छूट का भी प्रावधान है। इसके अलावा, अनुसूचित जाति/जनजाति और महिला उद्यमियों को 5 प्रतिशत की अतिरिक्त सब्सिडी प्रदान की जाएगी।

'मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में 'विकसित उत्तर प्रदेश-2047' की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में पर्यटन विभाग हरसंभव प्रयास कर रहा है। 'वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी' के लक्ष्य को प्राप्त करने में पर्यटन क्षेत्र की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। प्रदेश का पर्यटन धार्मिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक विविधताओं से समृद्ध है, जिसे आधुनिक सुविधाओं, बेहतर कनेक्टिविटी और नवाचार के माध्यम से और सशक्त किया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश केवल आस्था का केन्द्र नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना, अध्यात्मिक परम्परा और ज्ञान-विरासत का प्रतिनिधि प्रदेश है, इसलिए पर्यटन विकास को केवल आधारभूत ढांचे तक सीमित न रखकर उसे सांस्कृतिक पुनर्जागरण, स्थानीय अर्थव्यवस्था रोजगार सृजन और वैश्विक पहचान से जोड़कर देखा जाना चाहिए। उत्तर प्रदेश में सामर्थ्य एवं संसाधन दोनों हैं। नवाचार के माध्यम से पर्यटन को रोजगार से जोड़ा जा रहा है। 'विकसित यूपी, विकसित भारत-2047' के लक्ष्य के तहत राज्य सरकार पर्यटन को जॉब क्रिएशन का मजबूत माध्यम बनाने में जुटी है। वर्तमान में कुल रोजगार में पर्यटन क्षेत्र की हिस्सेदारी करीब 1.4 प्रतिशत है, जिसे चरणबद्ध तरीके से बढ़ाकर 2047 तक 5 फीसदी तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए प्रदेश सरकार नीतिगत सुधार, निवेश प्रोत्साहन और नई पहलों के जरिए युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर अवसर तैयार कर रही है।

मा0 मुख्यमंत्री जी का मानना है कि पर्यटन से प्रदेश की सांस्कृतिक अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। इससे स्थानीय उत्पादों, हस्तशिल्प, पारंपरिक कला, खानपान और सेवा क्षेत्र को व्यापक अवसर प्राप्त होंगे। भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण से जुड़े भारत मिशन भविष्य के लिए एक मार्गदर्शक के रूप में कार्य करेगा। प्रदेश की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण में उनके मूल स्वरूप और ऐतिहासिक प्रमाणिकता को बनाये रखने का हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। युवा पीढ़ी को पर्यटन से जोड़ने के लिए युवा पर्यटन क्लबों का गठन समस्त जनपदों में किया गया है। इसके अलावा स्मारकों के संरक्षण में योगदान, उनके इतिहास के बारे में दर्शकों को जानकारी देने के लिए स्मारक मित्र चयनित किये गये हैं। साथ ही गाइडों को प्रशिक्षण देकर उनको रोजगार का अवसर प्रदान किया जा रहा है।

## खादी विभाग की योजनाओं, बजट और रोजगार कार्यों की मंत्री राकेश सचान ने की व्यापक समीक्षा

# योगी सरकार खादी को बना रही आत्मनिर्भरता का सशक्त माध्यम

**निर्देश**

- मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के लक्ष्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश
- बैंक में लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण कर युवाओं को मिले स्वरोजगार का लाभ




**कुशीनगर के कॉमन फैसिलिटी सेंटर को जल्द शुरू करने के निर्देश**



**तमसा संकेत, संवाददाता**

लखनऊ। प्रदेश के खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने गुरुवार को खादी भवन, डालीबाग में विभागीय योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में योजनाओं के क्रियान्वयन, प्रशिक्षण, बजट व्यय, लंबित न्यायिक प्रकरणों और अनुशासनिक जांचों सहित समग्र कार्यों की प्रगति का बिंदुवार परीक्षण किया गया। मंत्री राकेश सचान ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार खादी, ग्रामोद्योग, हथकरघा एवं रेशम क्षेत्र को ग्रामीण अर्थव्यवस्था और रोजगार सृजन का मजबूत आधार बना रही है। योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक समयबद्ध ढंग से पहुंचे और बजट का शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित हो। उन्होंने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, पंडित दीनदयाल ग्रामोद्योग विकास सहायता योजना, गुणवत्ता सुधार, कौशल प्रशिक्षण सहित सभी योजनाओं के लक्ष्य समयसीमा में पूरे किए जाएं। बैंक स्तर पर लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण कर पात्र लाभार्थियों को शीघ्र ऋण उपलब्ध कराया जाए, ताकि ग्रामीण युवाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर सृजित हों। उन्होंने आगामी खादी प्रदर्शनी एवं महोत्सवों के व्यापक प्रचार-प्रसार सहित विभिन्न मंचों से खादी को बढ़ावा देने के आह्वान को जन-जन तक पहुंचाने और इसे जन आंदोलन बनाने पर जोर दिया।

### प्रचार-प्रसार और विपणन पर विशेष ध्यान

मंत्री राकेश सचान ने खादी उत्पादों की ब्रांडिंग, प्रचार-प्रसार और विपणन पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने सभी बिक्री केंद्रों, प्रशिक्षण संस्थानों और परिसंपत्तियों का सर्वे कर अधिक ग्राहकों वाले स्थानों पर नए खादी स्टोर खोलने, विश्वविद्यालयों, तकनीकी संस्थानों, मेडिकल कॉलेजों और सार्वजनिक स्थलों पर खादी उत्पादों की उपलब्धता बढ़ाने के निर्देश दिए।

> बैठक में प्रशिक्षण केंद्रों की अवस्थापना, मरम्मत, छात्रावास सुदृढ़ीकरण, वर्षा जल संचयन, सुरक्षा व्यवस्था और उपकरणों की उपलब्धता की भी समीक्षा हुई। मंत्री सचान ने सभी प्रशिक्षण केंद्रों को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने और बस्ती सहित विभिन्न केंद्रों के विकास कार्य शीघ्र पूरे करने के निर्देश दिए।

## फांसी का फंदा लेकर पहुंचे सपाई, पुलिस घसीटकर ले गई

### बसों की छत पर चढ़े बोले- अखिलेश कलियुग के कन्हैया

**तमसा संकेत, एजेंसी**




लखनऊ। लखनऊ में छात्रसंघ चुनाव समेत विभिन्न मांगों को लेकर समाजवादी छात्र सभा ने गुरुवार को जोरदार प्रदर्शन किया। दोपहर 2 बजे प्रदर्शनकारी 1090 चौराहे पर पार्टी का झंडा, बैनर और फांसी का फंदा लेकर पहुंचे। केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी शुरू की। पुलिस ने बैरिकेडिंग करके उन्हें रोकने की कोशिश की। इस पर प्रदर्शनकारियों की पुलिस से तीखी-नोकझोंक हो गई। पुलिस उन्हें पकड़-पकड़कर बसों में बैठाने लगी तो धक्का-मुक्की शुरू हो गई। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को घसीटकर और टांगकर बसों में बैठाया। इस दौरान तमाम प्रदर्शनकारी बसों की छत पर चढ़कर नारेबाजी करने लगे। पुलिस ने उन्हें भी नीचे उतारकर बसों में बैठाया और सभी प्रदर्शनकारियों को ईको गार्डन ले जाकर छोड़ा। इस बीच बस्ती से आए एक कार्यकर्ता ने अपने सीने पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव का टैटू दिखाते हुए उन्हें कलियुग के कन्हैया बताया।

सपा के प्रदेश सचिव जय सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार छात्रों और नौजवानों का उत्पीड़न कर रही है। सरकार आवाज को दबाने के लिए बल प्रयोग कर रही है। आज तक किसी भी सरकार ने किसी दिव्यांग व्यक्ति के साथ ऐसा व्यवहार नहीं किया होगा। यह पहली सरकार है, जो हमें इस तरह हिरासत में लेकर जेल भेज रही है।

प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने सपा के प्रदेश सचिव जय सिंह को आगे बढ़ने से रोका।

**फास्ट न्यूज**

### आयुष बोर्ड के खिलाफ संयुक्त महासभा का प्रदर्शन

लखनऊ । लखनऊ में आयुष बोर्ड की कार्यप्रणाली के विरोध में गुरुवार को माध्यमिक, उच्च, तकनीकी एवं मेडिकल कॉलेज संयुक्त महासभा के बैनर तले प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने आयुष बोर्ड कार्यालय का घेराव कर नारेबाजी की। बोर्ड कार्यालय में प्रवेश करने की कोशिश पर पुलिस ने उन्हें रोक दिया, जिससे कुछ देर तक मौके पर तनाव की स्थिति बनी रही।

### प्रशिक्षित स्नातक भर्ती-2022

लखनऊ। प्रशिक्षित स्नातक (विज्ञापन संख्या-01/2022) के विज्ञापित 3539 पदों के सापेक्ष 15 विषयों की लिखित परीक्षा में औपबंधिक रूप से सफल अभ्यर्थियों का परिणाम अभिलेख सत्यापन के उपरांत उ.प्र. माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड नियमावली, 1998 के नियम 12(8) के अनुसार 28 जुलाई 2026 को घोषित किया गया था। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि आयोग द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार जो अभ्यर्थी अभिलेख सत्यापन हेतु अनुपस्थित थे, मेरिट में आने के कारण उन्हें भी अंतिम परिणाम में औपबंधिक रूप से शामिल किया गया है।

### पेड़ की डाल गिरने से युवक की मौत

लखनऊ । लखनऊ के कैंट इलाके में ड्यूटी से घर लौट रहे रेलवे के एक लोको पायलट की पेड़ की मोटी डाल गिरने से मौत हो गई। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोग मदद करने की बजाय वीडियो बनाते रहे। इसी दौरान वहां से गुजर रहे एक फौजी ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक इलाज के बाद पीजीआई ट्रामा सेंटर रेफर किए गए लोको पायलट ने बुधवार को इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

## साइबर ठगों ने 5 स्टेप में ठगे 70 लाख 7 दिन में खाली कर दिए खाते

### डर, कमजोरी, विश्वास दिखाकर माइंड कंट्रोल किया

**तमसा संकेत, एजेंसी**



लखनऊ । लखनऊ में साइबर ठगों ने बुजुर्ग दंपती से 70 लाख रुपए ठगने के लिए 5 स्टेप अपनाए थे। डर, कमजोरी और विश्वास दिखाकर पहले उनके दिमाग को कंट्रोल किया। एक हफ्ते तक डिजिटल अरेस्ट कर वो दंपती से सोने (SLEEP) को छोड़कर उठने-बैठने, खाने-पीने जैसे काम अपने निर्देश पर कराते रहे। इस दौरान दंपती ने अपने सभी खातों के पैसे ठगों के खातों में डाल दिए।

मामला जानकीपुरम के दीपक डीलक्स सहारा ग्रेस अपार्टमेंट का है। यहां एयरपोर्ट से रिटायर्ड डायरेक्टर भोलानाथ प्रसाद (करीब 70 साल) पत्नी माधुरी भगत के साथ रहते हैं। एक बेटा है जो इंदौर में इंजीनियर के तौर पर कार्यरत है। बेटी बेंगलुरु में रहती है। दोनों बुजुर्ग दंपती लखनऊ में अकेले रहते हैं। 16 से 22 जुलाई तक साइबर ठगों ने इन्हें लगातार वीडियो कॉल पर रखकर इनसे 70 लाख रुपए 4 खातों में ट्रांसफर करा लिए। सबसे पहला जो कॉल आया, उसमें कहा गया कि आपको पुणे ATS के पास आकर बयान देना है। इस रिपोर्ट में जानिए, ठगों ने सीनियर सिटीजन दंपती को कैसे अपने झांसे में लिया, किस तरह से उन्हें आतंकियों का साथ देने का डर दिखाया। इन्वॉल्वमेंट नहीं पाए जाने पर पूरा पैसा वापस करने, कार्रवाई के दौरान हर 2 घंटे में सीक्रेसी और सेफ्टी रिपोर्ट मांगते रहे। बाद में ठगी का पता चला तो FIR के बाद पुलिस ने लखनऊ के ही 2 युवकों को गिरफ्तार किया।

## बिल संशोधन के नाम पर धन की मांग की शिकायत पर जांच कर कार्रवाई के निर्देश

# नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने आवास पर की जनसुनवाई

- जनसमस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश

**तमसा संकेत, संवाददाता**





लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने अपने आवास पर जनसुनवाई कर विभिन्न जनपदों से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। उन्होंने प्रत्येक शिकायत पर संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही या उदासीनता स्वीकार्य नहीं है।

मंत्री शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर नियमानुसार एवं निर्धारित समयसीमा में निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

जनपद उन्नाव से आए सुधीर कुमार द्विवेदी ने शिकायत की कि उरुवा के अधिशासी द्वारा विद्युत बिल संशोधन के एवज में अनुचित रूप से धन की मांग की गई। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने तत्काल डायरेक्टर जीडी श्री द्विवेदी को मामले की जांच कर दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि भ्रष्टाचार और उपभोक्ताओं के उत्पीड़न के मामलों में किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को बख्शा नहीं जाएगा।मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि जनसुनवाई केवल शिकायत सुनने का माध्यम नहीं, बल्कि शासन और जनता के बीच विश्वास का सशक्त सेतु है। प्रत्येक नागरिक की समस्या का समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए जनहित के कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। जनसुनवाई के दौरान डायरेक्टर ट्रांसमिशन श्री हरजीत सिंह, श्री रजनीश रस्तोगी तथा श्री जान मथाई सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

> जनसुनवाई के दौरान नगर विकास एवं ऊर्जा विभाग से संबंधित विभिन्न समस्याएं सामने आईं। इनमें नालों की सफाई, पेयजल आपूर्ति, अतिक्रमण, आवास, नए विद्युत कनेक्शन, विद्युत बिल संशोधन तथा ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि जैसे विषय प्रमुख रहे।

## के शिवालयों में भोर से उमड़ी भीड़

लखनऊ। सावन के पहले दिन भोर से ही लखनऊ के शिवालयों में भीड़ उमड़ पड़ी है। सुबह से ही भक्त भगवान शिव का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक और बेलपत्र अर्पित करने के लिए मंदिरों में पहुंच रहे हैं। पूरे शहर का धार्मिक माहौल शिवमय है। इस बार सावन में चार सोमवार पड़ रहे हैं, जिनमें पहला सोमवार 3 अगस्त को होगा। इसे देखते हुए मंदिर प्रशासन और जिला प्रशासन ने विशेष तैयारियां शुरू कर दी हैं। शहर के मनकामेश्वर मंदिर, बुद्धेश्वर महादेव मंदिर, कोनेश्वर महादेव, चंद्रिका देवी परिसर स्थित शिव मंदिर, खाटू श्याम परिसर के शिवालय और विभिन्न मोहल्लों के प्राचीन शिव मंदिरों में शिवभक्त सुबह से हाजिरी लगा रहे हैं। मेयर सुषमा खर्कवाल ने नगर आयुक्त गौरव कुमार के साथ चौक में कोनेश्वर महादेव के दर्शन किए।

मेयर सुषमा खर्कवाल ने नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपने गुट के पार्षदों के साथ सावन की पहली सुबह चौक में कोनेश्वर महादेव के दर्शन करने पहुंचीं।

## 20 हजार से अधिक डिजिटल अध्ययन सामग्री से होगी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी

# ग्रामीण युवाओं के सपनों को मिल रही नई उड़ान

- ग्राम पंचायतों में हाईटेक डिजिटल लाइब्रेरी से शिक्षा का नया अध्याय
- 11,350 ग्राम पंचायतों में आधुनिक अध्ययन सुविधाओं का हो रहा विस्तार



**तमसा संकेत, संवाददाता**

लखनऊ। मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ग्रामीण युवाओं को गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक शैक्षिक संसाधन उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार प्रभावी कदम उठा रही है। इसी क्रम में पंचायती राज विभाग द्वारा प्रदेश की 11,350 ग्राम पंचायतों में चरणबद्ध रूप से हाईटेक डिजिटल लाइब्रेरियों की स्थापना की जा रही है। इन लाइब्रेरियों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों एवं युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं, कौशल विकास तथा डिजिटल शिक्षण के लिए गाँव में ही आधुनिक अध्ययन सुविधाएँ उपलब्ध कराना है। योजना के प्रथम चरण में 37 जनपदों में पुस्तकों एवं फर्नीचर की आपूर्ति शत-प्रतिशत पूर्ण हो चुकी है। अब तक 10, 976 ग्राम पंचायतों में पुस्तकों तथा 9,909 ग्राम पंचायतों में आधुनिक फर्नीचर की स्थापना पूरी की जा चुकी है। प्रत्येक डिजिटल लाइब्रेरी पर लगभग 4 लाख का निवेश किया जा रहा है, जिसमें पुस्तकों, आईटी उपकरणों तथा आधुनिक फर्नीचर की व्यवस्था शामिल है। माननीय पंचायती राज मंत्री श्री ओम प्रकाश राजभर ने कहा डिजिटल लाइब्रेरी योजना ग्रामीण युवाओं को शिक्षा और रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। सरकार का लक्ष्य है कि गाँव का कोई भी प्रतिभाशाली छात्र संसाधनों के अभाव में पीछे न रहे।

**विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 20 हजार से अधिक डिजिटल अध्ययन सामग्री, ई-बुक्स, वीडियो लेक्चर, ऑडियो कंटेंट, डिजिटल लर्निंग मॉड्यूल एवं इंटरैक्टिव क्विज उपलब्ध कराए जाएंगे।**

### इस योजना के सकारात्मक परिणाम भी सामने आने लगे हैं

इस योजना के सकारात्मक परिणाम भी सामने आने लगे हैं। जनपद मथुरा की ग्राम पंचायत अडिंग स्थित डिजिटल लाइब्रेरी ज्ञानम् ज्योतिः से अध्ययन कर टिटू शर्मा एवं मनीष यादव का चयन उत्तर प्रदेश पुलिस में उपनिरीक्षक SI पद पर हुआ है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा दोनों युवाओं को सम्मानित किया गया। यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण अध्ययन संसाधन उपलब्ध होने पर प्रतिभाएँ नई ऊँचाइयों तक पहुँच सकती हैं।

## सड़क हादसे में घायल युवक की अस्पताल में मौत

बख्शी का तालाब। लखनऊ के मड़ियांव थाना क्षेत्र में निजी अस्पताल प्रशासन पर इलाज के नाम पर अतिरिक्त रुपए वसूलने का मामला सामने आया है। सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा कर दिया। परिजनों का दावा है कि उपचार के नाम पर लाखों रुपये जमा कराने के बावजूद मरीज को नहीं बचाया जा सका और अतिरिक्त पैसों की मांग की जाती रही। आक्रोशित लोगों ने अस्पताल के बाहर प्रदर्शन कर सड़क जाम कर दी। इस बीच दोनों पक्षों के बीच के जमकर हाथापाई भी हुई। जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर पुलिस बल के साथ पहुंचे थाना प्रभारी ने स्थिति को संभाला और प्रदर्शनकारियों को समझा-बुझाकर मार्ग से हटाया।

पुलिस के अनुसार फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और मामले की जांच की जा रही है।

## आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु जन-जागरूकता अभियान तेज

**तमसा संकेत, संवाददाता**

लखनऊ। प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ जीवक कुमार सिंह ने बताया कि माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (NALSA) एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार दिनांक 12 सितम्बर 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ श्री मलखान सिंह के मार्गदर्शन में तथा राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी श्री प्रकाश तिवारी के निर्देशन में जनपद की दीवानी न्यायालय परिसर, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, पारिवारिक न्यायालय, कामर्शियल कोर्ट, भूमि अर्जन पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन प्राधिकरण, समस्त तहसीलों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर लोक अदालत संबंधी प्रचार-प्रसार किया जा रहा है जिससे अधिक से अधिक वादकारी राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ प्राप्त कर सकें।

राष्ट्रीय लोक अदालत में दीवानी, वैवाहिक, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, बैंक ऋण वसूली, श्रम, विद्युत, राजस्व, पारिवारिक, चेक बाउंस, प्री-लिटिगेशन, आरबीट्रेशन तथा अन्य सुलह योग्य वादों का निस्तारण आपसी समझौते के आधार पर किया जाएगा। लोक अदालत द्वारा पारित निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होता है।

प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ जीवक कुमार सिंह ने जनपद वासियों से अपील की है कि वे राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने वादों एवं विवादों का निस्तारण कराकर त्वरित, सुलभ एवं किफायती न्याय प्राप्त करें तथा आपसी सौहार्द और भाईचारे को बढ़ावा दें।

**अभियान : तिरंगे के सम्मान के साथ महिलाओं के श्रम और स्वाभिमान को भी मिलेगा नया सम्मान**

# 2 करोड़ तिरंगों के निर्माण में जुटेंगी स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं

- हर घर तिरंगा अभियान में महिला शक्ति की भागीदारी से मजबूत होगा आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश का संकल्प
- राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगेगा उत्तर प्रदेश, स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं तैयार करेंगी 2 करोड़ तिरंगे
- 'हर घर तिरंगा' से जुड़ेगा जन-जन, महिला समूहों को मिलेगा रोजगार और आत्मनिर्भरता का अवसर





**तमसा संकेत, संवाददाता**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजित किए जा रहे 'हर घर तिरंगा अभियान-2026' को जनभागीदारी, राष्ट्रप्रेम और महिला सशक्तिकरण के उत्सव के रूप में व्यापक स्तर पर सफल बनाने की तैयारियां उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य के दिशा-निर्देशन में तेज कर दी गई हैं। अभियान के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों के लिए निर्धारित 2 करोड़ तिरंगों का निर्माण उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (यूपीएसआरएल-एम) के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा किया जाएगा। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर प्रारंभ हुआ 'हर घर तिरंगा अभियान' आज जन-जन के मन में राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता और तिरंगे के प्रति सम्मान की भावना को और अधिक सशक्त करने वाला जनआंदोलन बन चुका है।

### उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में भी महत्वपूर्ण पहल

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। 'हर घर तिरंगा अभियान-2026' महिलाओं के लिए रोजगार एवं आय के नए अवसर सृजित करने के साथ-साथ उनके उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में भी महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाएगा कि तिरंगों का निर्माण भारतीय ध्वज संहिता के निर्धारित मानकों के अनुरूप हो तथा स्वयं सहायता समूहों को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से भुगतान प्राप्त हो।

**'हर घर तिरंगा अभियान-2026' में स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं तैयार करेंगी 2 करोड़ तिरंगे**

**तिरंगा निर्माण से ग्रामीण महिलाओं को मिलेगा रोजगार, आत्मनिर्भरता और आर्थिक सशक्तिकरण को नई गति**

**उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा-'हर घर तिरंगा' राष्ट्रभक्ति, जनभागीदारी और महिला सशक्तिकरण का सशक्त अभियान**

# पिछले दो अभियानों के लाभार्थियों का होगा भौतिक सत्यापन

## हर जिले में सीडीओ की अध्यक्षता में समिति करेगी निगरानी

**तमसा संकेत, संवाददाता**

- योगी सरकार का बड़ा कदमः 3 से 10 अगस्त तक चलेगा 'दिव्यांगजन रोजगार अभियान 3.0'
- हजारों दिव्यांगजन जुड़ेंगे रोजगार और स्वरोजगार से, कौशल विकास मिशन करेगा आयोजन

लखनऊ। दिव्यांगजनों को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए योगी सरकार द्वारा प्रदेश भर में 'दिव्यांगजन रोजगार अभियान 3.0' का आयोजन 3 से 10 अगस्त 2026 तक किया जा रहा है।

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में दिव्यांगजनों को सम्मानजनक आजीविका से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की इस विशेष पहल का उद्देश्य कौशल प्रशिक्षण प्राप्त दिव्यांगजनों सहित अन्य योग्य इच्छुक दिव्यांग युवाओं को उनकी योग्यता और कौशल के अनुसार रोजगार और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। अभियान के दौरान प्रदेश के सभी राजकीय आईटीआई में विशेष रोजगार गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। दिव्यांग अभ्यर्थियों को रोजगार के साथ-साथ विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। जिला उद्योग एवं निर्यात प्रोत्साहन केंद्र औद्योगिक इकाइयों और व्यावसायिक संस्थानों से समन्वय कर रिक्तियों की जानकारी जुटाएगा, वहीं एमएसएमई विभाग स्वरोजगार योजनाओं और लीड बैंक के माध्यम से ऋण व वित्तीय सहायता में सहयोग करेगा।

जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी और जिला रोजगार सहायता अधिकारी रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकृत अभ्यर्थियों को रिक्तियों से जोड़ेंगे। अभियान की खास बात यह है कि पिछले दो चरणों में लाभान्वित दिव्यांगजनों का भौतिक सत्यापन भी किया जाएगा, ताकि उनकी वर्तमान स्थिति का आकलन हो सके।

योगी सरकार की मंशा है कि कोई भी दिव्यांगजन रोजगार से वंचित न रहे। इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

### बोला-पत्नी टॉर्चर करती है, बरेली में आग का गोला बनकर सड़क पर भागा, पत्नी चीखते हुए पीछे दौड़ी

# मौलाना ने खुद को जिंदा जलाया

**खुदखुशी**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

बरेली। बरेली में पत्नी से तंग आकर एक मौलाना ने खुद पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा ली। गंभीर रूप से झुलसे मौलाना की बुधवार शाम इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें वह आग की लपटों से घिरा सड़क पर भागता नजर आ रहा है। उसके पीछे पत्नी भी दौड़ती दिख रही है।

मृतक अब्दुल कादिर (28) के भाई ने पुलिस को तहरीर देकर अपनी भाभी पर आत्मदाह के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। वहीं, इलाज के दौरान अब्दुल ने पुलिस को दिए बयान में कहा कि उसकी पत्नी अपने भाई के साथ मिलकर उसकी प्रॉपर्टी हड़पना चाहती है। विरोध करने पर वह उसे प्रताड़ित करती थी। उसने कहा, मैं अब उसका चेहरा भी नहीं देखना चाहता। उसकी प्रताड़ना से तंग आकर ही मैंने यह खौफनाक कदम उठाया। पुलिस ने मृतक के आखिरी बयान और घटना के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है। परिजनों और पड़ोसियों से पूछताछ की जा रही है। मामला फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र का है। अब्दुल कादिर (28) मोहल्ला अंसारी के रहने वाले थे और हुसैनी मस्जिद में मौलाना थे। अजान भी देते थे। 4 साल पहले सादमा (24) से निकाह हुआ था।






आग बुझने के बाद अब्दुल को लोगों ने उठाया। घर के अंदर ले गए। फिर एम्बुलेंस बुलाकर अस्पताल भिजवाया।

### भाई का आरोप- भाभी ने हत्या की, फोन भी गायब किया

कादिर के भाई अब्दुल खालिक (24) ने बताया- हम दो भाई थे। मैं छोटा हूं। बगल वाले मकान में पत्नी और एक बच्चे के साथ रहता हूं। पिता बन्ने की 8 साल पहले मौत हो चुकी है। मां ज्यादातर बड़े भाई घर पर ही रहती है। कभी-कभी मेरे पास भी आती थी। कादिर के 60 गज के मकान की कीमत करीब 25 लाख रुपए थी। खालिक ने बताया- घटना वाले दिन भाभी ने अपने भाई आसिफ को पहले से ही घर पर बुला रखा था। कादिर उस वक्त घर में नहीं था। बाइक सर्विस कराने गया था। जब वह गाड़ी ठीक करवाकर घर लौटा तो उसके साथ में पेट्रोल की बॉटल थी। पत्नी ने पुरानी बातों को लेकर उससे झगड़ा करना शुरू कर दिया। कहने लगी कि मैं तुम्हें इसी पेट्रोल से जला दूंगी। इसके बाद उनके हाथ से पेट्रोल की बॉटल छीनी और आग लगा दी। ये एक सोची समझी साजिश है। ये आत्महत्या नहीं मर्डर है। भाई ने अपने मोबाइल में अपनी पिटाई का वीडियो भी रिकार्ड रखा था, लेकिन मौत के बाद से उसका फोन भी गायब है।

**सीओ हाईवे देवेश सिंह ने बताया-एक युवक के आत्मदाह की सूचना पर पुलिस अस्पताल पहुंची थी। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सीसीटीवी फुटेज कब्जे में ले ली गई है और साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जा रही है।**

### मरने से पहले पुलिस को सुनाई आपबीती

अब्दुल ने पुलिस को बताया कि पत्नी छोटी-छोटी बातों पर झगड़ा, मारपीट और गाली-गलौज करती थी। दो साल पहले उसने दहेज उत्पीड़न और घरेलू हिंसा का केस भी दर्ज कराया था। हालांकि, बाद में आपसी सहमति से समझौता हो गया।

कुछ दिन तक सब ठीक रहा, लेकिन बाद में उसने अपने भाई के साथ मिलकर मुझे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। वह घर अपने नाम कराने का दबाव बना रही थी। मना करने पर मारपीट पर उतर आती थी।

वह मुझ पर दूसरी औरतों के साथ अफेयर का झूठा आरोप लगाकर जेल भिजवाने की धमकी देती थी। मैं उससे बहुत परेशान हो चुका था। अब उसके साथ एक पल भी नहीं रहना चाहता था।

## 7 गोली खाने वाले आईएएस जालौन में अफसर से भिड़े

### बोले- किस आदेश में लिखा फाइल नहीं दिखाएंगे

**तमसा संकेत, एजेंसी**

जालौन । जालौन के उरई नगर पालिका परिषद में बुधवार को जांच को लेकर विवाद हो गया। आईएएस अफसर रिंकू सिंह राही दोपहर 2 बजे नगर पालिका कार्यालय पहुंचे। अनियमितताओं से जुड़ी फाइलें देखनी शुरू कर दीं। इस पर वहां मौजूद अधिशासी अधिकारी ने आपत्ति जताई, जिसके बाद दोनों के बीच बहस शुरू हो गई।

आईएएस अधिकारी रिंकू सिंह राही ने अधिशासी अधिकारी से कहा, आदेश दिखाइए। आखिर किस आदेश में लिखा है कि मुझे अभिलेख नहीं दिखाए जाएंगे। आप वह आदेश दिखा दीजिए, मैं तुरंत चला जाऊंगा।अधि-शासी अधिकारी का आरोप है कि रिंकू सिंह राही अपने कुछ निजी लोगों को लेकर पहुंचे थे। वे फाइलें देखने के दौरान वीडियो बना रहे थे। दरअसल, नगर पालिका परिषद उरई में भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर जांच चल रही थी। इस जांच टीम में रिंकू सिंह भी थे, जो उस समय जालौन के एसडीएम थे। लेकिन उरई ट्रांसफर होने के बाद उनकी भूमिका खत्म हो गई थी।



उरई नगर पालिका परिषद में भ्रष्टाचार को लेकर सभासदों ने डीएम राजेश कुमार पांडेय को ज्ञापन सौंपा था। इसे लेकर डीएम के निर्देश पर 18 जून, 2026 को अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) प्रेमचंद की अध्यक्षता में 3 सदस्यीय जांच समिति गठित की गई थी। समिति में तत्कालीन एसडीएम रिंकू सिंह राही को पदेन और लोक निर्माण विभाग (प्रांतीय) के अधिशासी अभियंता अमित सक्सेना को सदस्य बनाया गया था।

**फास्ट न्यूज**

### आगरा में दिनदहाड़े रेलवे कर्मचारी के घर लाखों की चोरी

आगरा । आगरा की नॉर्थ रेलवे कॉलोनी में दिनदहाड़े बंद मकान को निशाना बनाकर चोर लाखों रुपये का सामान समेट ले गए। बदमाश घर का ताला तोड़कर अंदर घुसे और सोने-चांदी के जेवर, नकदी व मोबाइल चोरी कर फरार हो गए। हैरानी की बात यह रही कि चोर घर के मंदिर की गुल्लक और लड्डू गोपाल के आभूषण भी ले गए। इतना ही नहीं, जाते-जाते फ्रिज में रखी रबड़ी भी खा गए।

### सीए पति को स्लो पॉयजन देने वाले केस में यूटर्न

कानपुर। कानपुर के रावतपुर में ससुराल वालों को चाय में स्लो प्वाइजन देने के आरोपों के बीच गुरुवार को नया मोड़ आ गया। दोपहर करीब 1 बजे आरोपी महिला ज्योति अपने भाई के साथ पुलिस कमिश्नर से मिली और खुद को बेगुनाह बताते हुए पति पर साजिश रचने का आरोप लगाया। महिला का दावा है कि पति का बेंगलुरु की एक युवती से संबंध है और तलाक लेने के लिए उसे झूठे मामले में फंसाया गया है। महिला ने पुलिस कमिश्नर को तंत्र-मंत्र से जुड़ी सोशल मीडिया रील्स भी दिखाईं और कहा कि पति ने ही उसे एक पुड़िया देकर चाय में मिलाने को कहा था।

### आगरा में अवैध कॉलोनी पर चला एडीए का बुलडोजर

आगरा। आगरा विकास प्राधिकरण (एडीए) का अवैध निर्माणों के खिलाफ अभियान जारी है। गुरुवार को एडीए ने एक अवैध कॉलोनी ध्वस्त की और 3 अवैध दुकानों को सील कर दिया। एडीए की इस ताबड़तोड़ कार्रवाई से अवैध निर्माणकर्ताओं में हड़कंप मच गया।

पहली कार्रवाई एडीए के हरीपर्वत वार्ड में की गई।

## माध्यमिक शिक्षक संघ का डीआईओएस कार्यालय पर धरना

### 22 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**तमसा संकेत, एजेंसी**

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की फतेहपुर इकाई ने गुरुवार को डीआईओएस कार्यालय परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने अपनी 22 सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एक ज्ञापन डीआईओएस के माध्यम से भेजा और उनके शीघ्र निस्तारण की मांग की। यह प्रदर्शन दोपहर 3 बजे से शाम 4 बजकर 45 मिनट तक चला। यह धरना जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र राजपूत और जिला मंत्री दिनेश कुमार सैनी के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल हुए। शिक्षकों का कहना है कि उनकी विभिन्न मांगें लंबे समय से लंबित हैं। ज्ञापन में प्रमुख मांगों में उत्तर प्रदेश में पुरानी पेंशन व्यवस्था (ओपीएस) बहाल करना, अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों का राजकीयकरण करना, उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग अधिनियम-2023 में आवश्यक संशोधन करना और वित्तविहीन विद्यालयों के शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए सेवा नियमावली तथा मानदेय की व्यवस्था करना शामिल है। शिक्षक संघ ने सहायता प्राप्त विद्यालयों में रिक्त प्रधानाचार्य पदों को शीघ्र भरने, टीजीटी शिक्षकों को सहायक प्रवक्ता का पदनाम देने, एनपीएस से ओपीएस में शिक्षकों का अंशदान जीपीएफ खाते में स्थानांतरित करने, व्यावसायिक शिक्षकों को पूर्णकालिक शिक्षक का दर्जा देने और चयन एवं प्रोन्नत वेतनमान से संबंधित विसंगतियों को दूर करने की भी मांग की।



### महिला सिपाही से लिपटकर फूट-फूटकर रोई मां, 4 घर तोड़ते हुए नाले में पलटा

# मिर्जापुर में बेकाबू कंटेनर ने बाप-बेटे को रौंदा, मौत

**तमसा संकेत, एजेंसी**

मिर्जापुर। मिर्जापुर में बुधवार देर रात 2:30 बजे बेकाबू कंटेनर ने घर के बाहर सो रहे बाप-बेटे को रौंद दिया। इसके बाद कंटेनर अनियंत्रित होकर चार मकानों को तोड़ता हुआ नाले में पलट गया। हादसे में पिता की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल नाबालिग बेटे को परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे से गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने प्रयागराज-मिर्जापुर नेशनल हाईवे जाम कर दिया। इस दौरान मृतक की मां महिला कॉन्स्टेबल के गले लगकर फूट-फूटकर रोने लगीं। वहीं, नाबालिग बेटी ने आरोप लगाया कि सूचना देने के करीब एक घंटे बाद एंबुलेंस पहुंची। अस्पताल पहुंचने के करीब 10 मिनट बाद डॉक्टर आए। उसने कहा कि अगर समय पर इलाज मिलता, तो उसका भाई बच सकता था। मौके पर पहुंची पुलिस परिजनों और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास कर रही है। हादसा जिला मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूर विंध्याचल थाना क्षेत्र के गैपुरा चौराहे के पास हुआ।






बेकाबू कंटेनर 4 मकानों को तोड़ता हुआ टीनशेड में जा घुसा और पलट गया।

### एक घंटे देरी से पहुंची एंबुलेंस, 10 मिनट बाद पहुंचे डॉक्टर, बेटे की भी मौत

ग्रामीणों ने तत्काल एंबुलेंस को सूचना दी, लेकिन एंबुलेंस करीब एक घंटे की देरी से गुरुवार तड़के करीब 3:45 बजे पहुंची। घायल राहुल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरोंई ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर सीओ सिटी अमित कुमार, विंध्याचल थाना प्रभारी अजीत कुमार, गैपुरा चौकी प्रभारी सुरेश चंद्र द्विवेदी समेत भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। हादसे के बाद कंटेनर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। हादसे के समय पत्नी मंजू और बेटी दिव्या कमरे के अंदर सो रही थीं, इसलिए उनकी जान बच गई। लेकिन एक ही रात में पति और इकलौते बेटे की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

### आगरा में अचानक बोली- मैं जिंदा हूं, अंतिम संस्कार की हो रही थी तैयारी

# मौत के 17 घंटे बाद जिंदा हुई 65-साल की महिला

**तमसा संकेत, एजेंसी**

आगरा । आगरा में मौत के करीब 17 घंटे बाद 65 वर्षीय महिला जिंदा हो गईं। अचानक से दामाद का हाथ पकड़ लिया। कहा- ₹मैं जिंदा हूं। मुझे कहां ले जा रहे।₹ यह सुनते ही घर में अफरा-तफरी मच गई। परिजन ने उन्हें तुरंत एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

मामला जिला मुख्यालय से 8 किमी दूर ट्रांस यमुना थाना क्षेत्र का है। दरअसल, महिला लीवर संबंधी बीमारी से पीड़ित थीं। बरेली के एक निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। डॉक्टर ने बुधवार तड़के 3 बजे महिला को मृत घोषित कर दिया था।



देर शाम को शव घर लाया गया। रिश्तेदार और परिचित अंतिम दर्शन के लिए जुटे थे। इसी दौरान दामाद अंतिम प्रणाम करने पहुंचे। जैसे ही उन्होंने सास के पैर छुए, महिला के शरीर में हलचल हुई और वह जीवित हो गईं। श्रीनगर कॉलोनी निवासी शीला देवी के पति हरिओम माहौर का निधन हो चुका है। वह अपने बेटे सुनील माहौर के परिवार के साथ रहती हैं। उनका दूसरा बेटा संजीव माहौर बदायूं के एक निजी अस्पताल में कार्यरत है। करीब 20 दिन पहले शीला देवी इलाज के लिए उसके पास बदायूं गई थीं। इसके बाद बेटे ने सोमवार को उन्हें बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। मंगलवार को उनकी हालत बिगड़ने पर वेंटिलेटर पर रखा गया।



अंतिम संस्कार के लिए पूरा सामान घर पर आ गया था।

### अचानक से दामाद का हाथ पकड़ लीं, बोलीं- मैं जिंदा हूं

रात करीब 8 बजे उनके दामाद ने पैर छुए। इसी दौरान शीला देवी के शरीर में हलचल होने लगी। अचानक से उन्होंने दामाद का हाथ पकड़ लिया। कहा, "मुझे कहां लेकर जा रहे हो? तुम सब रो क्यों रहे हो? मैं जिंदा हूं, मरी नहीं हूं।" यह सुनते ही परिवार के लोग हैरान रह गए। बिना देर किए परिजन उन्हें आगरा के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उनका उपचार चल रहा है।

# बुलंदशहर में हिंदू-मुस्लिम एकता की अनोखी मिसाल

### नाले में बही बच्ची चारू की सलामती को मस्जिद में दुआएं मांगी गईं

**तमसा संकेत, एजेंसी**

बुलंदशहर । बुलंदशहर में सांप्रदायिक सौहार्द की एक अनूठी मिसाल सामने आई है, जहां इंसानियत ने धर्म की सीमाओं को मिटा दिया। कोतवाली नगर क्षेत्र में दो दिन पहले भारी बारिश के दौरान नाले में बह गई कक्षा 4 की छात्रा चारू कश्यप की तलाश जारी है।

बच्ची की सलामती और उसे ढूंढने के प्रयासों की सफलता के लिए नगर की उमर फारूक मस्जिद में शाम 4 बजे की नमाज के बाद सभी नमाज़ियों ने हाथ उठाकर अल्लाह से दुआएं मांगीं। घटना को 48 घंटे से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन मासूम चारू का अब तक कोई सुराग नहीं मिल सका है।

राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (NDRF), राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (SDRF) और प्रांतीय सशस्त्र बल (PAC) के गोताखोर लगातार बच्ची की तलाश में जुटे हुए हैं। मस्जिद के मौलाना और वहां मौजूद नमाज़ियों ने बच्ची के न मिलने पर गहरा दुख और चिंता व्यक्त की। एक नमाजी ने कहा, हमने अल्लाह ताला से दुआ की है कि बच्ची जल्द से जल्द मिल जाए, ताकि दर-दर भटक रहे उसके परिवार के बेहाल दिल को थोड़ा सब्र मिल सके। नमाजियों ने प्रशासन और राज्य सरकार से मानवीय संवेदना दिखाते हुए अपील की है। उन्होंने मांग की कि चारू का परिवार बेहद गरीब है और इस दुखद घड़ी में सरकार को आगे आकर पीड़ित परिवार को कम से कम 1 करोड़ का मुआवजा देना चाहिए, ताकि उन्हें आर्थिक संबल मिल सके। चारू कश्यप के लिए मस्जिद में की गई इस विशेष दुआ की खबर सोशल मीडिया और स्थानीय स्तर पर फैलते ही पूरे बुलंदशहर में लोग इस अनोखी हिंदू-मुस्लिम एकता और भाईचारे की सराहना कर रहे हैं। इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि किसी मासूम के दर्द और दुख के सामने मजहबी दीवारें बेमानी हो जाती हैं।



## पृष्ठ 01 का शेष...

### नेपाल में भारी बवाल...

इसमें कहा गया था कि तराई क्षेत्र में धर्म और जातीय आधार पर लोगों को बांटने की संगठित कोशिशें हो रही हैं।

रिपोर्ट में ओली सरकार से तुरंत राजनीतिक और प्रशासनिक कदम उठाने की सिफारिश की गई थी, लेकिन अधिकारियों का कहना है कि उस समय सरकार ने इसे गंभीरता से नहीं लिया।

रिपोर्ट में कहा गया था कि नेपाल को भारत के मणिपुर और दक्षिण एशिया के दूसरे देशों में हुई सांप्रदायिक हिंसा से सबक लेना चाहिए।

### पुलिस ने हवाई...

बाद में इलाज के दौरान जयप्रकाश मेहता की भी मौत हो गई, जिससे इस घटना में मरने वालों की संख्या दो हो गई। हालात बिगड़ने पर आसपास के पुलिस थानों और आर्म्ड पुलिस फोर्स (APF) की अतिरिक्त टीमों को बुलाया गया है।

### जंतर-मंतर...

और उनके मामले अदालत की सामान्य प्रक्रिया के तहत ही चलेंगे। यह सुनिश्चित किया गया है कि इस फैसले की आड़ में कोई भी अपराधी न बच सके। सरकार के इस फैसले का सबसे बड़ा लाभ उन लोगों को मिलेगा जो वर्तमान में पुलिस की गिरफ्त में हैं। यदि किसी भी ऐसे प्रदर्शनकारी को पुलिस द्वारा पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है या हिरासत में लिया गया है, तो उनके मामलों की त्वरित समीक्षा की जाएगी। सरकार ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बिना आपराधिक रिकॉर्ड वाले लोगों की रिहाई की प्रक्रिया को जल्द से जल्द और प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए।

### बंगाल में पूर्व बस ...

मिनार पहले राज्य परिवहन विभाग में बस ड्राइवर था और बाद में स्टोन कारोबार से जुड़ गया। इस मामले में मिनार का जीजा और पत्थर कारोबारी तुलु मंडल उर्फ मोहम्मद नजीबुद्दीन फरार है। तुलु मंडल 2024 में बेटी की शादी में करीब 100 करोड़ खर्च करने पर चर्चा में आया था।

शादी में बंगाली फिल्म इंडस्ट्री के साथ-साथ बॉलीवुड एक्टर अरबाज खान और एक्ट्रेस जरीन खान भी शामिल हुए थे।

तुलु मंडल को पूर्व TMC नेता अनुब्रत मंडल का करीबी माना जाता है। अनुब्रत जून में TMC के बागी ऋतब्रत बनर्जी गुट में शामिल हो गए थे। बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने छापेमारी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं। उन्होंने लिखा- भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' नीति जारी रहेगी। जनता की संपत्ति लूटने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। माफिया सिंडिकेट के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

2016-17 में तुलु मंडल को बीरभूम की स्टोन क्वारियों में DCR (District Collection Rate) वसूली का ठेका मिला था।

### 215 कुलपतियों...

किसी व्यक्ति की पहचान उसके तर्कों की मजबूती के आधार पर की जाती है, न कि उसका मजाक उड़ाकर।'

'हमें उस बयान पर निराशा है, जिसमें आपने IIT मद्रास के निदेशक प्रोफेसर वी. कामकोटि को गोमूत्र विशेषज्ञ कहा। यह टिप्पणी चाहे व्यंग्य के रूप में की हो, राजनीतिक बयानबाजी के तहत। इसका असर बहुत ज्यादा होता है।'

2025 में प्रो. कामकोटि का एक वीडियो सामने आया था। इसमें वे दावा करते नजर आ रहे थे कि गाय की यूरिन यानी गोमूत्र में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-फंगल गुण होता है। ये कई बीमारियों को ठीक कर सकता है। इन बीमारियों में IBS या इरिटेबल बाउल सिंड्रोम भी शामिल है।

अपनी बात को साबित करने के लिए प्रो. कामकोटि ने जून 2021 में साइंस जर्नल नेचर में पब्लिश आर्टिक शेयर किया था। इसमें नेशनल डेयरी रिसर्च इंस्टीट्यूट के एनिमल बायोटेक्नोलॉजी सेंटर और सेल बायोलॉजी एंड प्रोटिओमिक्स लैब से जुड़े साइंटिस्ट्स ने गोमूत्र में पेप्टाइड प्रोफाइलिंग के रिजल्ट पब्लिश किए थे।

### शिक्षा संस्थानों में ...

यह पूरी बहस पेपर लीक से जुड़े पब्लिक एग्जामिनेशन (अनफेयर मीन्स की रोकथाम) संशोधन बिल पर चर्चा के दौरान हुई।

इससे पहले, केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने राज्यसभा में पेपर लीक से जुड़ा बिल पेश किया। लोकसभा में बुधवार को करीब 7 घंटे बहस के बाद पेपर लीक से जुड़ा बिल पारित हुआ था।

सागरिका घोष ने कहा कि बच्चे सैकड़ों किलोमीटर दूर पढ़ने जाते हैं। परीक्षा का रद्द होना पढ़ने का अवसर नहीं, सरकार की विफलता है। 21 छात्रों ने जान दी। शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर लाठीचार्ज, पैलेट गन का इस्तेमाल हुआ। दिल्ली पुलिस के डीसीपी गृह मंत्री को रिपोर्ट करते हैं। गृह मंत्री को सदन में आकर बयान देना चाहिए।

DMK सांसद तिरुचि शिवा का कहना है कि उन्हें समझ नहीं आ रहा कि BJP सांसद बृज लाल ने सदन को गुमराह कैसे किया, क्योंकि उन्होंने कहा था कि विरोध प्रदर्शन के दौरान पैलेट गन का इस्तेमाल नहीं किया गया था। जबकि सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया है कि पैलेट गन से घायल हुए लोगों का इलाज किया जाए।

छात्रों को दिए गए दो वादों में से एक- छात्रों के खिलाफ दर्ज मामले वापस लेना, पूरा नहीं किया गया है। उनका कहना है कि नकल रोकने वाला बिल बेकार है क्योंकि यह छात्रों के मानसिक दबाव को बदल नहीं सकता।

भारत एक विविधतापूर्ण देश है और शिक्षा की एक ही व्यवस्था भारत के अलग-अलग हिस्सों के छात्रों की जरूरतों को पूरा नहीं कर सकती।

### खड़गे बोले- शाह ...

शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज, आंसू गैस और पैलेट गन का इस्तेमाल किया गया। अगर गृह मंत्री अमित शाह इस पर जवाब नहीं दे सकते तो इस्तीफा दें। शूद्र वाले बयान पर हंगामाः नए सिलेबस में ऐसे संदर्भ जोड़े जा रहे हैं, जिनमें शूद्रों के वेदपाठ सुनने या बोलने पर कठोर दंड का उल्लेख है। उन्होंने कहा कि ऐसी सोच रखने वालों को शिक्षा व्यवस्था से बाहर किया जाना चाहिए। इस बयान पर सत्ता पक्ष ने जोरदार हंगामा किया।

### 'माफिया खून चूसते ...

क्योंकि, उसे मालूम है कि अगर दंगा करवाया, तो फिर कहीं मिट्टी में दफन होना पड़ेगा।

दरअसल, मऊ में साल 2005 में हुए दंगे से जुड़ा मुख्तार अंसारी का एक वीडियो सामने आया था। इसमें वो खुली जिप्सी में AK-47 लिए घूमता दिखा था। हालांकि, योगी ने किसी का नाम नहीं लिया।

सीएम ने कहा- सपाइयों के समय पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर 1 इंच भी काम नहीं हुआ था, लेकिन इन्होंने 3,000 करोड़ रुपए का वारा-न्यारा कर दिया था। हम सत्ता में आए, तो देखकर हैरान रह गए। हमने टेंडर रद्द किया, फिर जमीन का अधिग्रहण किया। तब जाकर आज पूर्वांचल एक्सप्रेसवे आपको मिला है।

पहले गाजीपुर तक आने में 8 घंटे लगते थे। आज 4 घंटे में पूरा सफर हो रहा है। आज गाजीपुर से कहीं भी जाना हो, तो एक्सप्रेस-वे की सुविधा है। चंदौली से होकर शक्तिनगर जाने का भी इंतजाम किया जा रहा है। 10 साल पहले जब कहीं बाहर जाते थे, तो जैसे ही गाजीपुर का नाम सुनते थे, लोग पीछे हट जाते थे।

### आस्था के साथ ...

अखिलेश यादव ने कहा कि मामले में उठी आपत्तियों के बावजूद निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई। उनका आरोप है कि जांच के दौरान महत्वपूर्ण तथ्यों को नजरअंदाज किया गया, जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय नहीं की गई और संबंधित पदाधिकारियों को क्लीन चिट दे दी गई। उन्होंने सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के संरक्षण को लेकर भी सवाल उठाए। सपा प्रमुख ने कहा कि श्रद्धालुओं के धन और धार्मिक आस्था से जुड़े मामलों में पारदर्शिता जरूरी है।

## रहाणे का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास, भावुक हुए, 2020 में कप्तानी की, मेलबर्न में सेंचुरी, सीरीज 2-1 से जीते

# 'अब नया पड़ाव'

**घोषणा**

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने गुरुवार को इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है। भारत के लिए 85 टेस्ट, 90 वनडे और 20 टी-20 खेल चुके रहाणे ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो जारी कर इस फैसले की जानकारी दी।

वीडियो में 38 साल के राहणे ने भावुक होते हुए कहा कि अब उनके लिए आगे बढ़ने का यही सही समय है। रहाणे ने भारत के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट में 2011 में डेब्यू किया था। उन्होंने पहला वनडे 3 सितंबर 2011 को इंग्लैंड के खिलाफ चेस्टर-ले-स्ट्रीट में



राहणे ने रिटायरमेंट का ऐलान इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट कर किया। इस दौरान वे भावुक हो गए।

खेला, जबकि टी-20 इंटरनेशनल में डेब्यू 31 अगस्त 2011 को मैनचेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ किया।

रहाणे ने टेस्ट क्रिकेट में 22 मार्च 2013 को दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहला मैच खेला। उनका आखिरी टेस्ट 20-24 जुलाई 2023 के बीच पोर्ट ऑफ स्पेन में वेस्टइंडीज के खिलाफ रहा।



रहाणे ने 2020-21 के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर मेलर्बन टेस्ट में शतक लगाया था और प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए थे। यह फोटो उसी टेस्ट की है।

रहाणे ने क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में टीम इंडिया की कप्तानी की। टेस्ट क्रिकेट में रहाणे ने 6 मैचों में भारत की कप्तानी की। इनमें टीम ने 4 मुकाबले जीते, जबकि 2 टेस्ट ड्रॉ रहे।

वनडे में उन्होंने 3 मैचों में टीम की कमान संभाली और भारत ने तीनों मुकाबले जीते। वहीं, टी-20 इंटरनेशनल में रहाणे ने 2 मैचों में कप्तानी की, जिसमें भारत को 1 जीत और 1 हार मिली।

रहाणे ने पिछले साल कोलकाता नाइट राइडर्स की कप्तानी की थी। वे IPL में कोलकाता नाइट राइडर्स, राजस्थान रॉयल्स, राइजिंग पुणे सुपरजायंट, दिल्ली कैपिटल्स, चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। उन्होंने 212 मैचों में 5,367 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 125.60 और औसत 30.15 रहा। उनके नाम IPL में 2 शतक और 35 अर्धशतक दर्ज हैं।

### रहाणे की कप्तानी बनी यादगार

रहाणे के करियर का सबसे सुनहरा अध्याय 2020-21 के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर लिखा गया। एडिलेड टेस्ट में भारत के 36 रन पर ऑलआउट होने और विराट कोहली के लौटने के बाद रहाणे ने कप्तानी संभाली। मेलबर्न में शतक लगाकर उन्होंने भारत को जीत दिलाई और सीरीज 1-1 से बराबर की।

रहाणे की कप्तानी में भारत ने गाबा में ऐतिहासिक जीत दर्ज कर ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से सीरीज हराई और उसका 32 साल पुराना अजेय रिकॉर्ड तोड़ा।

> वनडे में उन्होंने अपना आखिरी मुकाबला 16 फरवरी 2018 को सेंचुरियन में साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेला, जबकि टी-20 इंटरनेशनल में आखिरी बार 28 अगस्त 2016 को लॉडरहिल में वेस्टइंडीज के खिलाफ भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया।

## वैभव सूर्यवंशी दलीप ट्रॉफी मे ईस्ट जोन के उप-कप्तान बने

नई दिल्ली, एजेंसी

दलीप ट्रॉफी 2026-27 के लिए ईस्ट जोन की 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया गया है। ईशान किशन को टीम की कप्तानी सौंपी गई है। 15 साल के वैभव सूर्यवंशी को उप-कप्तान बनाया गया है।

टीम में अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और मुकेश कुमार भी शामिल हैं। वहीं, चोट के कारण रियान पराग और आकाश दीप का चयन नहीं हुआ। दलीप ट्रॉफी 23 अगस्त से खेली जाएगी।

वैभव सूर्यवंशी ने इसी महीने इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 इंटरनेशनल में डेब्यू किया था। इसके बाद जिम्बाब्वे दौरे पर तीसरे टी-20 में 49 गेंदों पर 81 रन की मैच जिताऊ पारी खेली। इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच और पूरी सीरीज में 181 रन बनाने के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया।

इससे पहले इसी साल जिम्बाब्वे में खेले गए अंडर-19 वर्ल्ड कप के



फाइनल में उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 175 रन बनाकर भारत को चैंपियन बनाया था। कम उम्र में ही वैभव ने बड़े मुकाबलों में खुद को साबित किया है। IPL 2026 के एलिमिनेटर में उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 97 रन और क्वालिफायर-2 में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 96 रन की अहम पारियां खेलीं।

पिछले महीने श्रीलंका में इंडिया-ए की ओर से ट्राई सीरीज के फाइनल में भी उन्होंने 94 रन बनाए थे। वैभव ने अब तक आठ फर्स्ट क्लास मैच खेले हैं। इसमें 17.25 की औसत से 207 रन बनाए हैं। उनका बेस्ट स्कोर 93 रन है।

## भारतीय हॉकी टीम की नारंगी जर्सी पर विवाद

### पूर्व कप्तान रास्किन्हा बोले- नीला रंग हमारी पहचान

नई दिल्ली, एजेंसी

हॉकी वर्ल्ड कप 2026 से पहले भारतीय हॉकी टीम की जर्सी को लेकर विवाद हो गया है। दशकों से नीली जर्सी में खेलने वाली भारतीय टीम अब वर्ल्ड कप में नारंगी रंग की किट में नजर आएगी। भारतीय हॉकी के दिग्गज और पूर्व कप्तान विरेन रास्किन्हा ने जर्सी का रंग बदलने के फैसले पर सवाल उठाए हैं। वहीं, हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने इस फैसले का बचाव किया है। रास्किन्हा ने कहा कि नीले रंग की जर्सी हमारी पहचान थी। उधर, टिर्की ने कहा कि मौजूदा जर्सी का रंग खिलाड़ियों की पसंद थी। हॉकी इंडिया ने 27 जुलाई को पुरुष और महिला टीमों की नई जर्सी लॉन्च की थी। भारतीय हॉकी के दिग्गज खिलाड़ी और पूर्व कप्तान विरेन



रासकिन्हा ने इस फैसले का विरोध किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि भारतीय टीम की पहचान हमेशा नीली जर्सी रही है और इसे बदलने का कोई तर्क समझ नहीं आता। विरेन रासकिन्हा जूनियर वर्ल्ड कप 2001 जीतने वाली टीम के सदस्य थे और सीनियर टीम की कप्तानी भी कर चुके हैं। उन्होंने एथेंस ओलिंपिक 2004, मेंस हॉकी वर्ल्ड कप 2006 और चैंपियंस ट्रॉफी में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। उन्हें अपने दौर के बेस्ट मिडफील्डर्स में गिना जाता है।

### सीएसके का साथ छोड़ते ही स्टीफन फ्लेमिंग की लगी लॉटरी

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) की सबसे सफल फ्रेंचाइजी में से एक चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) के पूर्व हेड कोच स्टीफन फ्लेमिंग इंग्लैंड की टेस्ट टीम के नए कोच बनने वाले हैं। वह ब्रेंडन मैकुलम की जगह लेंगे। 'टेलीग्राफ' की एक रिपोर्ट में ऐसा दाव किया गया है। इंग्लैंड की टेस्ट टीम के कोच के लिए करीब 1 हफ्ते तक इंटरव्यू चले। इसके बाद फ्लेमिंग इस पद के लिए सबसे आगे हैं। फ्लेमिंग अपने ही देश के मैकुलम के साथ मिलकर काम करेंगे। मैकुलम इंग्लैंड के व्हाइट-बॉल (वनडे-टी20) कोच बने रहेंगे। बेन स्टोक्स के रिटायरमेंट और एशेज व न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में खराब नतीजों के बाद मैकुलम को इस महीने की शुरुआत में उनके पद से हटा दिया गया था। इंग्लैंड का अगला टेस्ट असाइनमेंट 3 हफ्ते बाद है। यह टीम पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेलेगी। अभी उनके पास कोई कप्तान या हेड कोच नहीं है।

## पाकिस्तान के अरशद नदीम से चुनौती ■ तजिंदरपाल से शॉट पुट में मेडल की उम्मीद

# नीरज चोपड़ा कॉमनवेल्थ गेम्स में 8 साल बाद खेलेंगे

ग्लासगो, एजेंसी

भारत के जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा कॉमनवेल्थ गेम्स में 8 साल बाद आज उतरेंगे। गेम्स के आठवें दिन वे जैवलिन थ्रो के क्वालिफाइंग राउंड में खेलेंगे। इस इवेंट का फाइनल शनिवार को खेला जाएगा। नीरज की सबसे बड़ी चुनौती पाकिस्तान के ओलिंपिक चैंपियन अरशद नदीम होंगे।

नीरज आखिरी बार 2018 गोल्ड कोस्ट कॉमनवेल्थ गेम्स में उतरे थे। तब उन्होंने 86.47 मीटर थ्रो के साथ गोल्ड मेडल जीता था। चोट के कारण वे 2022 बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स में हिस्सा नहीं ले सके थे।

### पेरिस ओलिंपिक में अरशद ने गोल्ड जीता

नीरज और अरशद की पहली भिड़ंत 2016 साउथ एशियन गेम्स में हुई थी। इसके बाद दोनों 11 टूर्नामेंट में आमने-सामने आए। इनमें नीरज ने 10 बार अरशद को पीछे छोड़ा। अरशद को एकमात्र सफलता पेरिस ओलिंपिक 2024 में मिली थी, जहां उन्होंने 92.97 मीटर के ओलिंपिक रिकॉर्ड के साथ गोल्ड जीता था। नीरज ने 89.45 मीटर के साथ सिल्वर मेडल हासिल किया था।



> एथलेटिक्स में रात 11:30 बजे तजिंदरपाल सिंह तूर और समरदीप सिंह गिल शॉट पुट फाइनल में उतरेंगे। इसके बाद 1:10 बजे सीमा कलिरमाना और निधि रानी महिला डिस्कस थ्रो फाइनल खेलेंगी। फिर 1:48 बजे पारुल चौधरी महिला 5000 मीटर फाइनल में मेडल के लिए चुनौती पेश करेंगी।

### 90 मीटर पार करने वाले इकलौते भारतीय

नीरज चोपड़ा ने 2025 दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर थ्रो फेंककर नेशनल रिकॉर्ड बनाया था। वे 90 मीटर का आंकड़ा पार करने वाले भारत के इकलौते जैवलिन थ्रोअर हैं। नीरज ने टोक्यो ओलिंपिक 2020 में 87.58 मीटर थ्रो के साथ गोल्ड मेडल जीता था। इसके बाद उन्होंने वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 और एशियन गेम्स 2023 में गोल्ड, जबकि पेरिस ओलिंपिक 2024 में सिल्वर मेडल जीता। शाम 7:30 बजे दिनेश कुमार और नवनीत सिंह की भारतीय जोड़ी पुरुष पेयर्स सेक्शनल प्ले में बोत्सवाना का सामना करेगी। इसके बाद 8:55 बजे नयनमोनी सैकिया महिला सिंगल्स सेक्शनल प्ले में मलेशिया की एम्मा फिरयाना सरोजी से भिड़ेंगी। कॉमनवेल्थ गेम्स के आठवें दिन 17 गोल्ड मेडल इवेंट होंगे। इनमें 7 ट्रैक साइक्लिंग/पैरा ट्रैक साइक्लिंग, 7 एथलेटिक्स/पैरा एथलेटिक्स और 3 वेटलिफ्टिंग के गोल्ड मेडल इवेंट शामिल हैं।

## मनोरंजन

## ब्रह्म मुहूर्त में सुबह 4:15 बजे दुनिया भर में लॉन्च, दिवाली 2026 पर रिलीज होगा पहला पार्ट

# फिल्म रामायण का ट्रेलर रिलीज

नई दिल्ली। नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' के पहले पार्ट का ट्रेलर आज रिलीज हो गया। मेकर्स ने इसे 30 जुलाई को सुबह 4:15 बजे, ब्रह्म मुहूर्त के शुभ अवसर पर दुनिया भर में लॉन्च किया।

'रामायण' के ट्रेलर को हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम समेत कई भाषाओं में एक साथ डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर रिलीज किया गया।

'रामायण' का ट्रेलर रिलीज होने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं देखने को मिलीं। कई लोगों ने इसकी जमकर तारीफ की। एक यूजर ने लिखा, 'यह सिर्फ ट्रेलर नहीं, पीढ़ियों से जुड़ी एक भावना है।'

वहीं, दूसरे ने कहा, 'कुछ फिल्में देखी जाती हैं, रामायण महसूस की जाती है।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'रावण के किरदार में यश की कास्टिंग बेहतरीन है।'

वहीं, साई पल्लवी के सीता रूप की भी कई लोगों ने तारीफ की। एक यूजर ने लिखा, 'मां सीता के रूप में साई पल्लवी दिव्य लग रही हैं।' कई दर्शकों ने यह भी कहा कि ट्रेलर देखने के उत्साह में वे पूरी रात सो नहीं पाए।

हालांकि, कुछ यूजर्स ने यश और साई पल्लवी के हिंदी डायलॉग्स पर सवाल उठाए। कुछ लोगों ने साई पल्लवी के लुक और एक्सप्रेशन की भी आलोचना की।

फिल्म के विजुअल इफेक्ट्स (VFX) की जिम्मेदारी ऑस्कर विनिंग कंपनी DNEG संभाल रही है। फिल्म के पहले पार्ट की शूटिंग पूरी हो चुकी है और इस समय इसके पोस्ट-प्रोडक्शन का काम तेजी से चल रहा है।



दमदार स्क्रीन प्रेजेंस और खतरनाक अंदाज में यश का रावण सबसे ज्यादा चर्चा में है।

### ऑस्कर विनर्स एआर रहमान और हैंस जिमर दे रहे म्यूजिक

फिल्म के संगीत को लेकर भी काफी समय से चर्चा बनी हुई है। इस फिल्म में दो दिग्गज म्यूजिशियन एआर रहमान और ऑस्कर विजेता हैंस जिमर पहली बार एक साथ मिलकर बैकग्राउंड स्कोर और संगीत तैयार कर रहे हैं। फिल्म का निर्माण नमित मल्होत्रा के प्राइम फोकस स्टूडियोज और एक्टर यश के मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस के तहत किया जा रहा है। इस ग्रैंड प्रोजेक्ट को दो भागों में बनाया जा रहा है, जिसका पहला पार्ट नवंबर 2026 में दिवाली के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगा।



### रणबीर कपूर बने हैं भगवान राम, यश निभा रहे रावण का रोल

फिल्म 'रामायण' में बॉलीवुड और साउथ सिनेमा के बड़े कलाकार एक साथ नजर आने वाले हैं। रणबीर कपूर फिल्म में भगवान राम की भूमिका में हैं, जबकि साई पल्लवी माता सीता का किरदार निभा रही हैं। साउथ सुपरस्टार यश इस फिल्म में रावण के रोल में दिखेंगे। इसके अलावा सनी देओल हनुमान की भूमिका में हैं, जबकि रवि दुबे लक्ष्मण के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म में अरुण गोविल, लारा दत्ता, रकुल प्रीत सिंह, विवेक ओबेरॉय और कुणाल कपूर भी अहम भूमिकाओं में शामिल हैं।

### 4000 करोड़ के बजट में बन रही देश की सबसे महंगी फिल्म

'दंगल' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म बना चुके डायरेक्टर नितेश तिवारी पिछले कई सालों से इस प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दो भागों में बनने वाली इस फिल्म का कुल बजट 4000 करोड़ रुपए के करीब है, जो इसे भारतीय सिनेमा के इतिहास की सबसे महंगी फिल्म बनाता है।

> कुछ दर्शकों का कहना है कि ट्रेलर में रामायण की आत्मा कम और विजुअल्स पर ज्यादा जोर दिया गया है। वहीं, कुछ ने इसे फिल्म से ज्यादा थिएटर ड्रामा जैसा बताया।
>
> इससे पहले फिल्म के निर्माता नमित मल्होत्रा ने सोशल मीडिया पर ट्रेलर रिलीज की जानकारी दी थी कि हिंदू परंपरा में सुबह 4 से 5 बजे के बीच का समय ब्रह्म मुहूर्त माना जाता है, जिसे किसी भी नए और शुभ कार्य की शुरुआत के लिए सर्वोत्तम माना जाता है। इसी मान्यता को ध्यान में रखते हुए मेकर्स ने ट्रेलर रिलीज का समय चुना।



## 365 दिनों तक सिनेमाघरों में चली थी ये फिल्म, रातोंरात चमके थे हीरो-हीरोइन

### 43 साल पहले आई मूवी के कल्ट हैं गाने

नई दिल्ली, एजेंसी

80 के दौर में बॉलीवुड में उन स्टार्स का दबदबा ज्यादा था, जो पहले से ही अपना सिक्का जमा चुके थे। इसी बीच हिंदी सिनेमा में एक नए स्टार्स की एंट्री हुई और उस स्टार का नाम था जैकी श्रॉफ।

जग्गू दादा की इस फिल्म में अकेले नहीं थे बल्कि उनके साथ एक और हीरोइन का करियर चमक गया था। इस एक्ट्रेस का नाम था मीनाक्षी शेषाद्रि। इन दोनों स्टार्स के लिए फिल्म लकी साबित हुई।

साल 1983 में एक फिल्म बड़े पर्दे पर रिलीज हुई और फिल्म का नाम 'हीरो' (Hero Movie) था। इस रोमांटिक म्यूजिकल ड्रामा की कहानी ने दर्शकों का दिल जीत लिया था। इस फिल्म के बनने के पीछे की कहानी जितनी दिलचस्प



रही, उससे ज्यादा फिल्म के गानों की चर्चा हुई। इस फिल्म से हिंदी सिनेमा में जैकी श्रॉफ ने डेब्यू किया और मीनाक्षी शेषाद्रि को भी इसी फिल्म से पहचान मिली।

फिल्म सुपरहिट रही और फिल्म को सुभाष घई ने डायरेक्ट किया था। आपको जानकर हैरानी होगी कि इस फिल्म को पहले संजय दत्त और कमल हासन को ऑफर किया गया था। लेकिन दोनों ने इस फिल्म का ऑफर ठुकरा दिया था। बाद में फिल्म जैकी श्रॉफ (Jackie Shroff) के पास गई और वो रातोंरात स्टार बन गए।

दरअसल हाल ही में अभिनेत्री मीनाक्षी शेषाद्रि (Meenakshi Sheshadri) एक डांस रियलिटी शो में पहुंची थीं। यहीं पर मीनाक्षी अपनी फिल्म हीरो से जुड़ी यादें साझा की। मीनाक्षी ने बताया कि जब फिल्म आई तो फिल्म के गाने खूब हिट हुए। फिल्म के गानों ने हर तरफ लोगों का दिल जीत लिया। यहां तक कि फिल्म भी सिनेमाघरों में खूब चली, लेकिन चैन्नई में फिल्म को लेकर अलग ही दीवानगी थी।

चैन्नई के एक थिएटर में यह फिल्म करीब 1 साल तक चली।

## 'मैं थोड़ा-बहुत यंग ऋतिक रोशन जैसा दिखता हूं'



■ सौरव दास बोले- दोस्त ने की तुलना, कंगना रनोट के साथ कॉफी पर जाने को तैयार हैं

नई दिल्ली। भाजपा सांसद और एक्ट्रेस कंगना रनोट के साथ चल रही बयानबाजी के बीच सीजेपी प्रवक्ता सौरव दास ने कहा कि उनके एक दोस्त ने उनसे कहा कि वह यंग ऋतिक रोशन जैसे दिखते हैं।

दरअसल, 'द मोजो स्टोरी' पर पत्रकार बरखा दत्त से बातचीत में सौरव ने कहा कि उनके मन में कंगना के प्रति कोई निजी दुश्मनी नहीं है। सौरव ने कहा कि उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए भी कंगना से शांत रहने और बैठकर बातचीत करने की अपील की थी। उनके मुताबिक, मतभेदों का समाधान संवाद से होना



चाहिए क्योंकि देश में चर्चा और बहस की संस्कृति लगातार कमजोर होती जा रही है।

सौरव ने कहा कि उनके दोस्तों ने भी इस पर सवाल उठाए। उन्होंने बताया, 'मेरे दोस्त भी मुझे मैसेज कर रहे थे कि अब वो तुम्हारे पीछे क्यों पड़ी है? उनमें से एक ने कहा कि मैं थोड़ा-बहुत यंग ऋतिक रोशन जैसा दिखता हूं।' हालांकि, इस पर सौरव ने हैरानी जताई।

जब सौरव से पूछा गया कि क्या वह कंगना के साथ कॉफी पर मिलना चाहेंगे, तो उन्होंने कहा कि उन्हें इससे कोई आपत्ति नहीं है।

### सौरव दास के बयान पर कंगना भड़क गईं

बता दें कि इससे पहले लगातार स्टूडेंट प्रोटेस्ट की आलोचना कर रहीं एक्ट्रेस और सांसद कंगना रनोट कॉकरोच जनता पार्टी के प्रवक्ता सौरव दास के बयान पर भड़क गईं। दरअसल, कंगना के प्रोटेस्ट विरोधी बयानों पर सौरव ने कहा कि उन्हें उनकी पार्टी तक सीरियसली नहीं लेती, तो बाकी लोगों को भी नहीं लेना चाहिए। सौरव के बयान पर कंगना भड़क गईं और जवाब में उन्हें बेरोजगार और बेकार कहा था।

## 2 साल के बच्चे और माता-पिता की मौत, ट्रम्प बोले- अब हमारी बारी, वहां मौजूद सैन्य ठिकानों में आग लग गई

# अमेरिका का ईरान के 10 से ज्यादा शहरों पर हमला

**जंग**

वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी

अमेरिका ने गुरुवार सुबह ईरान में 10 से ज्यादा शहरों पर हवाई हमले किए। ईरानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, केश्म, किश, काजेरून, अहवाज, अबादान, शादेगान, अरवंदकेनार, बुशेहर, जाम और खोरमोज को निशाना बनाया गया है।

केश्म द्वीप पर रिहायशी इमारत पर हमले में एक दंपती और उनके 2 साल के बच्चे की मौत हुई, जबकि दो अन्य बच्चे घायल हुए।



ईरान पर गुरुवार सुबह अमेरिका ने हवाई हमले किए। इसके बाद वहां मौजूद सैन्य ठिकानों में आग लग गई।

अमेरिकी सेंट्रल कमांड (CENTCOM) ने बताया कि उसने ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) के दर्जनों ठिकानों को निशाना बनाया। इनमें कमांड सेंटर, मिसाइल और ड्रोन सुविधाएं, तटीय निगरानी एवं रक्षा ठिकाने और समुद्री सैन्य क्षमताएं शामिल हैं। ट्रम्प ने हमलों से पहले कहा था कि जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य अड्डे पर मिसाइल हमला करने की कोशिश की गई थी। उन्होंने कहा, ₹उन्होंने हमला करने की कोशिश की, अब हमारी बारी है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X ने ईरान की अर्ध-सरकारी तस्नीम न्यूज एजेंसी के आधिकारिक अकाउंट सस्पेंड कर दिए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, तस्नीम की ओर से शेयर किए गए एक वीडियो के बाद यह कार्रवाई हुई। बताया गया कि वीडियो में अमेरिका की फर्स्ट लेडी मेलानिया ट्रम्प की गतिविधियों और उनकी सुरक्षा से जुड़ी संवेदनशील जानकारी थी, जिसका दुरुपयोग हो सकता था। हालांकि, X ने आधिकारिक तौर पर यह पुष्टि नहीं की है कि कार्रवाई इसी वजह से की गई।

**संयुक्त अरब अमीरात ने इराक की जमीन से सऊदी अरब के पूर्वी प्रांत के तेल ठिकानों पर हुए ड्रोन हमलों की कड़ी निंदा की है। यूएई विदेश मंत्रालय ने कहा कि ऐसे हमले सऊदी अरब की संप्रभुता, सुरक्षा और स्थिरता के खिलाफ हैं।**

### ईरान बोला- आज अमेरिका को सजा देंगे

अमेरिका के ताजा हवाई हमलों के बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई का ऐलान किया है। फार्स न्यूज एजेंसी के मुताबिक, इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) ने कहा, ईश्वर की मदद से आज हमलावर को सजा दी जाएगी।

### मिस्र के दमियाता पोर्ट पर ड्रोन हमला, दो जहाजों में आग लगी

मिस्र के दमियाता पोर्ट बुधवार रात हुए हमले में दो जहाजों में आग लग गई। सरकार ने गुरुवार को कहा कि शुरुआती जांच में आग लगने की वजह ड्रोन अटैक है। इस हमले के पीछे ईरान का हाथ माना जा रहा है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने दो ईरानी सूत्रों के हवाले से बताया कि इस हमले का मकसद यह दिखाना था कि अगर ईरान संघर्ष को और बढ़ाता है, तो दुनिया की समुद्री शिपिंग और ऊर्जा आपूर्ति पर इसका बड़ा असर पड़ सकता है।

### कुवैत में चीनी कंपनी पर ईरान का हमला, एक की मौत

ईरान के मिसाइल हमले में कुवैत में स्थित एक चीनी कंपनी की इमारत निशाना बनी है। कुवैत की सेना के मुताबिक, हमले में एक कर्मचारी की मौत हो गई, जबकि इमारत को भारी नुकसान पहुंचा है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक यह पहली बार है जब कुवैत में किसी चीनी कंपनी की इमारत सीधे हमले का शिकार बनी है। कुवैत में करीब 60 चीनी कंपनियां काम कर रही हैं। ये 80 से ज्यादा परियोजनाओं में शामिल हैं।



दमियाता पोर्ट पर हमले के बाद के हालात। यह फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल है।

### पाकिस्तान बोला- अमेरिका और ईरान फिर बातचीत करें

अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान ने दोनों देशों से बातचीत फिर शुरू करने की अपील की है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने कहा कि उनका देश दोनों पक्षों को इस्लामाबाद MoU के तहत फिर से साथ लाने की पूरी कोशिश कर रहा है।

**फास्ट न्यूज**

### पाकिस्तान के लाहौर में भरभराकर गिरी तीन मंजिला इमारत

लाहौर। पाकिस्तान के लाहौर शहर में तीन मंजिला इमारत गिरने से एक ही परिवार के कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई। बुधवार देर रात लाहौर के हरबंसपुरा इलाके में यह घटना हुई, जो कम आय वाले लोगों का घनी आबादी वाला इलाका है।

इमारत संभवतः मानसून की भारी बारिश के कारण कमजोर हो गई थी और उस समय वहां जन्मदिन का एक कार्यक्रम चल रहा था।

### सेंसेक्स 274 अंक चढ़कर 77,928 पर बंद

नई दिल्ली। शेयर बाजार में आज यानी 30 जुलाई को बढ़त रही। सेंसेक्स 274 अंक चढ़कर 77,928 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 67 अंक की बढ़त रही, ये 24,317 पर बंद हुआ। ऑटो, IT और मीडिया शेयर्स में ज्यादा खरीदारी रही। वहीं केमिकल्स और रियल्टी शेयर्स में बिकवाली रही। एमवी इलेक्ट्रोसिस्टम्स और जुनिपर ग्रीन एनर्जी का IPO आज से ओपन हो गए हैं। इनमें 3 अगस्त तक बोली लगा सकेंगे। एमवी इलेक्ट्रोसिस्टम्स IPO के जरिए 290 करोड़ और जुनिपर ग्रीन एनर्जी 1,800 रुपए जुटाना चाहती है।

### मिडिल ईस्ट में तैनात सैनिकों के फोन जब्त करेगा अमेरिका

वॉशिंगटन। मिडिल ईस्ट में तैनात अमेरिकी सेना के टॉप कमांडर ने सैनिकों को चेतावनी दी है कि ऑनलाइन शेयर किए गए सेलफोन वीडियो से ईरान को अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाने में मदद मिल सकती है।

सूत्रों ने रॉयटर्स को बताया कि जल्द ही तैनात कुछ सैनिकों को अपने फोन जमा करने का आदेश दिया जा सकता है।

## अमेरिका में यू-वीजा के लिए रची नकली डकैती की साजिश

**भारतीय नागरिक को मिली सजा यूएस से किया जाएगा डिपोर्ट**

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी फेडरल कोर्ट ने वीजा धोखाधड़ी के एक बड़े मामले में भारतीय नागरिक मितुल पटेल को सजा सुनाई है। मैसाचुसेट्स के वार्सेस्टर में रहने वाले 40 साल के पटेल को 1 दिन की जेल और 1000 डॉलर का जुर्माना लगाया गया है। साथ ही कोर्ट ने मितुल पटेल को देश से बाहर भेजने यानी यूएस से डिपोर्ट करने का भी आदेश दिया है। मैसाचुसेट्स के वार्सेस्टर में रहने वाले 40 साल के मितुल पटेल को बुधवार को बोस्टन में जज ने सुविधा स्टोरों (कन्वीनियंस स्टोर) में डकैती का नाटक करने की साजिश के मामले में सजा सुनाई।

इसका मकसद स्टोर क्लर्कों को यह झूठा दावा करने का मौका देना था कि वे इमिग्रेशन आवेदनों में अपराध के शिकार हुए हैं। पटेल और इस योजना में शामिल 10 अन्य लोगों ने जून 2026 में अपना



अपराध स्वीकार कर लिया था।

आरोप था कि मितुल पटेल और उनके साथियों ने मार्च 2023 से मैसाचुसेट्स और अन्य राज्यों में 6 सुविधा स्टोर, शराब की दुकानों और रेस्तरां में नकली हथियारबंद डकैती की साजिश रची। इस नकली डकैती का मकसद स्टोर क्लर्कों को अपराध का शिकार दिखाकर यू-वीजा (U Non-immigrant Visa) के लिए झूठा आवेदन करवाना था।

यू-वीजा उन लोगों को दिया जाता है जो अमेरिका में हिंसक अपराध के शिकार हुए हों और जांच में मदद करें। इस साजिश में पटेल के साथ रामभाई पटेल समेत 10 अन्य लोग भी शामिल थे।

## देश की सुरक्षा को खतरा बताया, चीन बोला- बेवजह हमारी कंपनियों को निशाना बनाना गलत


# अमेरिका ने इंसानों जैसे दिखने वाले रोबोट पर रोक लगाई

वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी

अमेरिका ने चीन समेत दूसरे देशों से आने वाले इंसानों जैसे दिखने वाले (ह्यूमनॉइड) और चार पैरों पर चलने वाले (क्वाडुपेड) रोबोट के आयात पर रोक लगा दी है।

अमेरिका के फेडरल कम्युनिकेशंस कमीशन (FCC) ने इस फैसले के पीछे राष्ट्रीय सुरक्षा और साइबर सुरक्षा से जुड़े जोखिमों का हवाला दिया है। हालांकि यह प्रतिबंध सिर्फ उन रोबोट पर लागू होगा जो अभी अमेरिका नहीं पहुंचे हैं। पहले से इस्तेमाल हो रहे रोबोट इस फैसले के दायरे में नहीं आएंगे।

इस फैसले पर चीन ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। वॉशिंगटन स्थित चीनी दूतावास ने आरोप लगाया कि अमेरिका बिना किसी सबूत के चीनी



**इस समय चीन के कारखानों में 20 लाख से ज्यादा औद्योगिक रोबोट काम कर रहे हैं, जबकि अमेरिका में इनकी संख्या करीब 3.94 लाख है।**

कंपनियों को निशाना बना रहा है। चीन ने कहा कि वह अपने हितों की रक्षा के लिए जरूरी जवाबी कदम उठाएगा।

प्रतिबंध सभी विदेशी कंपनियों पर लागू होगा, लेकिन इसका सबसे बड़ा असर चीन पर पड़ने की उम्मीद है। वजह यह है कि चीन आज दुनिया का सबसे बड़ा रोबोट निर्माता और सबसे बड़ा बाजार बन चुका है। 2024 में चीन ने अपने कारखानों में 2.95 लाख औद्योगिक रोबोट लगाए, जबकि अमेरिका ने सिर्फ 34,200 रोबोट लगाए। यानी चीन ने अमेरिका से करीब 9 गुना ज्यादा रोबोट लगाए।



यह तस्वीर 2024 चीन ह्यूमनॉइड रोबोट डेवलपर्स कॉन्फ्रेंस की है। इसमें एक व्यक्ति ह्यूमनॉइड रोबोट से हाथ मिलाते हुए दिखाई दे रहा है।

### अमेरिका ने विदेशी रोबोट पर रोक क्यों लगाई?

अमेरिका का मानना है कि अगर देश की जरूरी सेवाओं में विदेशी कंपनियों के रोबोट का इस्तेमाल बढ़ता गया, तो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बढ़ सकता है।

सरकार को आशंका है कि किसी विवाद या तनाव की स्थिति में इन रोबोट की सप्लाई प्रभावित हो सकती है। इसके अलावा साइबर हमलों के जरिए बिजली ग्रिड, संचार नेटवर्क और दूसरे अहम सिस्टम को भी निशाना बनाया जा सकता है।

यह फैसला ऐसे समय आया है, जब अमेरिका और चीन के बीच AI, रोबोटिक्स और दूसरी उन्नत तकनीकों में बढ़त हासिल करने की होड़ तेज है। अमेरिका चाहता है कि भविष्य की अहम तकनीकों के लिए उसकी निर्भरता विदेशी कंपनियों पर कम हो और घरेलू कंपनियां मजबूत बनें।

# भारत में सोने की मांग में 6% की गिरावट

**अप्रैल-जून तिमाही में 131.4 टन खपत रही, कस्टम ड्यूटी बढ़ने और पीएम मोदी की अपील का असर**

नई दिल्ली, एजेंसी

वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल यानी WGC के अनुसार अप्रैल-जून तिमाही में भारत में सोने की मांग सालाना आधार पर 6% घटकर 131.4 टन रह गई है। पिछले साल की इसी अवधि में यह मांग 139.7 टन थी। मांग में इस गिरावट के पीछे कस्टम ड्यूटी में बढ़ोतरी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से सोने की खरीदारी कम करने की अपील को मुख्य कारण माना गया है। केंद्र सरकार ने इसी साल मई में सोना और चांदी के आयात पर लगने वाली ड्यूटी 6% से बढ़ाकर 15% कर दी थी। इससे इनकी कीमत बढ़ गई थी। अप्रैल-जून तिमाही के दौरान भारत में ज्वैलरी की मांग 15% घटकर 75.1 टन रह गई, जो पिछले साल की समान अवधि में 88.8 टन थी। प्रधानमंत्री मोदी ने मई में लोगों से गैर-जरूरी सोने की खरीदारी कम




करने और विदेशी मुद्रा भंडार बचाने की अपील की थी, जिसका असर बाजार पर दिखा है। दूसरी तिमाही में सोने की औसत अंतरराष्ट्रीय कीमत 4,506.3 डॉलर प्रति औंस रही, जो 2025 में 3,280.4 डॉलर थी। भारत में औसत तिमाही कीमत (बिना आयात शुल्क और जीएसटी के) 1,50,744.8 रुपए रही, जबकि पिछले साल यह 94,875.9 रुपए थी। WGC ने इस साल कुल मांग 650 से 750 टन के बीच रहने का अनुमान जताया है। जैन के अनुसार, त्योहारी और शादी के सीजन में मांग बढ़ने की उम्मीद है।

### वैल्यू के हिसाब से 50% ज्यादा कीमत का सोना खरीदा

WGC इंडिया के रीजनल सीईओ सचिन जैन ने बताया कि भले ही मात्रा में मांग घटी हो, लेकिन वैल्यू के लिहाज से यह एक रिकॉर्ड है। इस तिमाही में सोने की खपत 1,98,100 करोड़ रुपए रही, जो 2025 की दूसरी तिमाही के 1,32,500 करोड़ रुपए के मुकाबले 50% अधिक है। इससे पता चलता है कि ऊंची कीमतों के बावजूद उपभोक्ता सोने को प्राथमिकता दे रहे हैं।

> **रिपोर्ट के मुताबिक अप्रैल-जून तिमाही में ग्लोबल लेवल पर सोने की डिमांड 1,269 टन पर बनी रही। इसमें पिछले साल के मुकाबले कोई खास बदलाव नहीं हुआ है। 2025 की इसी तिमाही के दौरान सोने की कुल मांग 1,268.6 टन रही थी।**

## मैग्मा जनरल इंश्योरेंस कंपनी को पतंजलि ग्रुप खरीदेगा

**आईआरडीएआई से मंजूरी मिली, मार्च 2025 में हुई थी डील**

नई दिल्ली, एजेंसी

पतंजलि आयुर्वेद और धर्मपाल सत्यपाल ग्रुप को मैग्मा जनरल इंश्योरेंस में हिस्सेदारी खरीदने के लिए बीमा नियामक IRDAI से मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने बुधवार को स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में इसकी जानकारी दी।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार लगभग 4,500 करोड़ रुपए में ये डील हुई है। नियामक ने 28 जुलाई 2026 के पत्र के जरिए इस अधिग्रहण को हरी झंडी दी है।यह मंजूरी पत्र जारी होने की तारीख से अगले 3 महीने तक मान्य रहेगी।

इस डील के तहत पतंजलि आयुर्वेद 73.6% हिस्सेदारी खरीदेगी, जबकि धर्मपाल सत्यपाल ग्रुप 24.5% हिस्सेदारी का मालिक बनेगा। इससे पहले इस कंपनी की सबसे बड़ी हिस्सेदार सनोटी प्रॉपर्टीज (आदार पूनावाला समूह) थी। IRDAI की मंजूरी मिलने के बाद



अब पतंजलि मैग्मा जनरल इंश्योरेंस की प्रमोटर कंपनी बन जाएगी।

इस डील की शुरुआत मार्च 2025 में हुई थी, जब पतंजलि-एलेड बायर ग्रुप और मौजूदा शेयर-धारकों के बीच शेयर परचेज एग्रीमेंट (SPA) पर दस्तखत किए गए थे। 12 मार्च 2025 को कंपनी ने एक्सचेंजों को इसकी जानकारी दी थी। इसके बाद regulatory समीक्षा प्रक्रिया में देरी के कारण 12 मार्च 2026 को एग्रीमेंट की लॉन्ग-स्टॉप डेट (समय सीमा) को आगे बढ़ाया गया था।

एग्रीमेंट साइन होने के बाद से यह सौदा लगभग 16 महीने से नियामक समीक्षा के तहत अटका हुआ था।


**असर : राज्यसभा में गडकरी बोले- कुछ रबर पार्ट्स बदलने पड़ सकते हैं, इंजन बदलने की जरूरत नहीं**

# सरकार ने माना- ई-20 पेट्रोल से बीएस-3 गाड़ियों को नुकसान

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने बुधवार को पहली बार माना कि ई-20 पेट्रोल (20% एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल) इस्तेमाल करने से गाड़ियों को नुकसान पहुंच सकता है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राज्यसभा में लिखित जवाब में यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा- BS-3 मानक वाली कुछ पुरानी गाड़ियों में ई-20 के कारण कुछ रबर पार्ट्स और गैस्केट बदलने पड़ सकते हैं। ये गाड़ियां मुख्य रूप से 2005 से 2016 के बीच बने हैं। ये पार्ट्स नियमित सर्विसिंग के दौरान आसानी से बदले जा सकते हैं। गडकरी ने



कहा कि स्टडीज में ई-20 से गाड़ियों की कुल परफॉर्मेंस या टिकाऊपन पर कोई बड़ा असर नहीं पाया गया है। उन्होंने यह कहा कि इन गाड़ियों के इंजन में किसी तरह का बदलाव कराने की जरूरत नहीं है। यह पहली बार है, जब गडकरी ने इस तरह की बात कही है।

> **यूरो-4 से नीचे के जितने भी व्हीकल्स हैं, उनमें जरूरत पड़ सकती है। संसद में पेश जवाब के मुताबिक, 1 अप्रैल 2005 से लागू बीएस-3 मानक के तहत 2016 से पहले बने दोपहिया और चारपहिया वाहन इसके दायरे में हैं।**

### एक बार पार्ट्स बदलने का खर्च?

यह गाड़ी और मॉडल पर निर्भर है। मर्सिडीज में महंगा, तो मारुति सस्ता पड़ सकता है। दोपहिया में 500 से 1500 रुपए और फोरव्हीलर में 2 हजार से 8 हजार तक खर्च आ सकता है।

कोई तय समय या किलोमीटर नहीं है। जब आप रूटीन सर्विसिंग करवाएंगे, उसी दौरान घिसावट, रिसाव या खराबी मिलने पर बदले जाएंगे। एथेनॉल पुराने रबर को समय के साथ सख्त, मुलायम या फुला सकता है। पहले रबर एथेनॉल के लंबे संपर्क के हिसाब से नहीं बनाए गए थे। गाड़ी चलती रहेगी, तो कोई खराबी नहीं आएगी। बस, उसका मेंटेनेंस बढ़ाना होगा। दोनों में असर की संभावना है, लेकिन यह वाहन के डिजाइन और फ्यूल सिस्टम पर निर्भर करेगा।

### गडकरी बोले- माइलेज सिर्फ ईंधन पर निर्भर नहीं करता

उन्होंने बताया कि इंडियन ऑयल, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोलियम, सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्यूफैक्चरर्स (सियाम) व ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने दोपहिया-चारपहिया वाहनों पर ई-20 ईंधन की स्टडी की थी। गडकरी ने यह भी कहा कि वाहन का माइलेज सिर्फ ईंधन पर निर्भर नहीं करता, बल्कि ड्राइविंग स्टाइल, सड़क की स्थिति, रखरखाव और अन्य कारकों से भी प्रभावित होता है। इसका इस्तेमाल दुनिया में एक सदी से ज्यादा समय से हो रहा है।

## खैबर पख्तूनख्वा में पुलिस चौकी पर हमले में 9 सुरक्षाकर्मियों की मौत

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिम में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के हांगू जिले में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच हुई मुठभेड़ में 9 पुलिस अधिकारी और 15 आतंकी मारे गए। इस हमले में 28 जवान भी घायल हुए हैं।

पुलिस के मुताबिक ये कार्रवाई बुधवार को हांगू में एक पुलिस चेकपोस्ट पर हुए आतंकी हमले के बाद शुरू की गई थी।

हांगू में पुलिस चेकपोस्ट पर हुए हमले के बाद मदद के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बल भेजे गए। लेकिन आतंकियों ने मदद के लिए जा रही गाड़ी पर भी गोलीबारी कर दी। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि जवाबी ऑपरेशन के दौरान हुई भीषण गोलीबारी में 9 पुलिसकर्मी की मौत हो गई, 28 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। वहीं 15 आतंकी मारे गए और कई अन्य घायल हुए।

खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री सुहैल अफरीदी ने हमले की निंदा की। उन्होंने मृतक पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी और शोक जताया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि घायल जवानों का इलाज पक्का किया जाए और मृतक पुलिस अधिकारियों के परिवारों को मदद दी जाए। उन्होंने घटना की पूरी रिपोर्ट भी मांगी है। गौरतलब है कि खैबर पख्तूनख्वा में पिछले कुछ सालों में लगातार हिंसा हो रही है। इसकी वजह अफगानिस्तान से लड़ाकों की आवाजाही और बार-बार होने वाले सैन्य ऑपरेशन बताए जाते हैं। पाकिस्तान सरकार का आरोप है कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (TTP) ने नवंबर 2022 में सीजफायर खत्म होने के बाद अफगानिस्तान से लगी सीमा पर आतंकी हमला बढ़ा दिए हैं।



तमसा संकेत
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड- 224122) से प्रकाशित

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।

मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96